दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | बुधवार 19 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 61 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3









दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। बुधवार 19 फरवरी-2025 | वर्ष : 10 अंक : 61 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3










## महाकुंभ में अब तक कुल 55.56 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



**महाप्रयाग।** महाकुंभ में अमृत स्नान के लिए आस्था का भक्ति का प्रवाह लगातार तेज होता जा रहा है। सोमवार की देर शाम संगम पर फिर लाखों श्रद्धालु पहुंच गए। दिन रात रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों पर आस्थावानों का तांता लगा रहा। संगम जाने वाली सड़कों पर हर तरफ जन ज्वार नजर आने लगा। मंगलवार दोपहर 12 बजे तक करीब 70 लाख श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने का दावा मेला प्रशासन ने किया है।

इस तरह माने तो अब तक त्रिवेणी में स्नान करने वालों की संख्या 55 करोड़ के पार हो चुकी है। मेला अभी आठ दिन शेष है। माना जा रहा है कि यह संख्या 60 करोड़ तक या उसके पास भी पहुंच सकती है।मंगलवार को संगम जाने वाले सभी रास्ते श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गए। अमृतमयी त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी के लिए एक लय में भोर से ही भक्ति की लहरें हिचकोले खाती रहीं। मेला प्रशासन ने दोपहर 12 बजे तक करीब 70 लाख श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का दावा किया। अब तक के महाकुंभ में कुल 55 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

**जंक्शन सहित सभी रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ :** प्रयागराज जंक्शन के सभी 10 प्लेटफार्मों पर तिल रखने की जगह नहीं बची है। घंटे-घंटे भर के लिए इस रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का प्रवेश रोका जा रहा है। सभी रूटों को वन वे करना दिया गया है। दावा, नैनी और फाफामऊ के अलावा कोखराज के रूट पर तीन चरणों में बैरिकेडिंग कर भीड़ को नियंत्रित किया जा रहा है। मेला प्रशासन की ओर से घाटों पर भीड़ न लगाने की लगातार अपील की जा रही है।

संगम के घाटों पर हर तरफ स्नानार्थी ही नजर आ रहे हैं। सिर पर गठरी और कंधे पर झोला-बोरा लिए लोग संगम की ओर बढ़ते रहे। रास्ते भर जय गंगा मैया, हर-हर महादेव और जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष के बीच डुबकी लग रही है। भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस और प्रशासन के अफसर अतिरिक्त सजगता बरत रहे हैं।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। साहिबाबाद विधायक तथा कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी एव इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उत्तर प्रदेश को डिजिटल हब बनाने तथा सेमी कंडक्टर ओर आईटी फील्ड में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## डीएम दीपक मीणा के चार्ज संभालने के बाद कलक्ट्रेट में दिख रहा है जादू

### - अधिकारियों की टेबल से अब अदृश्य हो रही हैं फाइलें

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार यानी शासन के यहां कार्यशैली का संदेश एक वाक्य में दिया जाता है। उस एक वाक्य से अधिकारी समझ लेते हैं कि कामकाज किस तरीके से होना है और वो एक वाक्य है शासन की मंशा के अनुरूप।

इसी पर कामकाज चलता है और जिला स्तर पर बात करें तो यहां जिलाधिकारी का जैसा वर्किंग मिजाज होगा, उसी के अनुरूप प्रशासनिक कार्यशैली का रिवाज आ जाएगा। बात अगर जिले के प्रमुख अधिकारी के रूप में डीएम की करें तो वो एक तरह से जिले में विभागीय मुखिया होते हैं। वो जिले के प्रशासनिक चीफ भी होते हैं। गाजियाबाद में जिलाधिकारी के रूप में आईएएस दीपक मीणा के चार्ज संभालने के बाद कलक्ट्रेट में एक जादू दिखाई दे रहा है। वो जादू ये है कि अधिकारियों की टेबल से फाइलें अदृश्य हो गईं। टेबल पर फाइलों का ढेर नहीं दिखाई देता है। दरअसल कलक्ट्रेट में पूरे जिले का कार्यभार होता है, यहां कई पटल होते हैं।

कई विभाग होते हैं और इन सबपर जिलाधिकारी की कार्यशैली की छाप दिखाई देती है। आईएएस दीपक मीणा कई जनपदों की कमान संभाल चुके हैं। बताया ये जाता है कि उनकी कार्यशैली जिरल्ट ओरियंटिड है, जवाबदेही तय करते हैं और शासन की मंशा के अनुरूप 100 प्रतिशत काम करने की कार्यशैली है। आईजीआरएस पर फोकस करते हैं, जनसुनवाई लगातार जारी रखते हैं। प्रशासनिक क्षेत्र में ऊजार्वान इन अधिकारी ने जबसे गाजियाबाद के डीएम के रूप में काम संभाला है तो यहां का वर्किंग कल्चर बदला है। सरकार के कलर्क हों या सरकार के अधिकारी हों अब फाइलों की खेप दिखाई नहीं देती है। अधिकारियों की टेबल से फाइलों का ढेर गायब है।

दैनिक करंट क्राइम ने जब ये फाइलें पहले धीरे-धीरे कम और अब अदृश्य होने के सीन को नोटिस किया तो कलक्ट्रेट में स्टाफ से इस मुद्दे पर पता किया और जब पूरे मामले को टटोला तो पता चला कि डीएम के रूप में दीपक मीणा के जार्च संभालने के बाद ये जादू नजर आया है। पता चला कि उन्होंने अपनी कार्यशैली में ये तय कर दिया कि कोई भी फाइल टेबल पर नहीं दिखाई देगी। अधिकारियों के टेबल पर फाइलें नहीं दिखनी चाहिए और इसके लिए उन्होंने निर्देश दिये कि सभी ई फाइल पैटर्न पर काम करेंगे। सरकार द्वारा बनाए गए ई फाइल प्रोफाइल के जरिये ही काम होगा। अब कंप्यूटर टू कंप्यूटर दस्तावेज स्केन होकर आ जाएंगे और जब ये आदेश जारी हुआ तो धीरे-धीरे फाइलें टेबल से गायब हो गई।



### फाइल लेकर लिपिक ना आएं और अधिकारी जिम्मेदारी तय करें

आमतौर पर जिलाधिकारी दफ्तर के बाहर ये नजारा आम है जब जिलाधिकारी अपने दफ्तर में बैठे होते हैं तो कलक्ट्रेट से अलग-अलग विभागो के लिपिक फाइल लेकर डीएम कक्ष के बाहर रहते हैं। कहीं शासन का पत्र है तो आख्या से अवगत कराना है। लेकिन स्मार्ट आईएएस के रूप में दीपक मीणा ने वर्किंग कल्चर चेंज किया है। उन्होंने ये सीधे निर्देश दिये कि कोई भी लिपिक फाइल लेकर उनके पास नहीं आएगा। डीएम ने लिपिक की नहीं बल्कि अधिकारियों की जवाबदेही तय की। सूत्र बातते हैं कि यहा निर्देश ये दिये गये कि उनके कक्ष के बाहर कोई बाबू फाइल लेकर नहीं रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि जिस भी अधिकारी की जवाबदेही है उन्हीं के माध्यम से फाइल आएगी। कलक्ट्रेट पर कोई बाबू फाइल लेकर ना आए।

### ई फाइल सिस्टम से मिला है जनता को भी रिलेक्स

ई फाइल सिस्टम को रूटीन प्रक्रिया में लाने के बाद इसका सबसे बड़ा और सीधा लाभ जनता को मिला है। पहले एक आम शिकायत होती थी कि फाइल को दबा दिया गया है , लेकिन अब ये ट्रिक काम नहीं करेगी और एक क्लिक पर फाइल उपलब्ध होगी। इससे जनसुनवाई की रफ्तार भी बढ़ गई है और सुनवाई के केसों में तेजी आ गई है। वहीं अब इस नए सिस्टम से कलक्ट्रेट के लिपिक भी रिलेक्स हैं। क्योंकि कई बार किसी कमी को लेकर पारा उसी कलर्क पर हाई होता जो फाइल लेकर जाता था। लेकिन अब इस नए सिस्टम से सभी को काफी आराम है।

## सांसद अतुल गर्ग ने स्कूली बच्चों को कराई पार्लियामेंट विजिट

### - बच्चों को कराया लोकसभा टूर में लंच



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद बनने के बाद अतुल गर्ग लगातार जन सहभागिता वाली पारी खेल रहे हैं। वो इन दिनों संगठन की बड़ी जिम्मेदारियों में बिजी हैं लेकिन वो ये मैसेज देने में पूरी तरह सफल रहे हैं कि अपनी लोकसभा क्षेत्र के निवासियों के लिये वो हमेशा ईजी हैं। कोई भी उनसे मिल सकता है, कोई भी उनसे अपनी बात कह सकता है और सबसे बड़ी बात ये है कि अतुल गर्ग खुद तो लोकसभा जा ही रहे हैं वो अपनी लोकसभा क्षेत्र के लोगों को भी अपने साथ संसद ले जाते हैं। उन्हें विजिट कराते हैं। गाजियाबाद की जनता देखती है कि उनका सांसद उनके साथ लोकसभा में मौजूद है। लोकसभा भ्रमण वाली इस कड़ी में सांसद अतुल गर्ग ने छोटे-छोटे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान ला दी।

ये वो मौका था जब स्कूली बच्चे पहली बार अपने देश की संसद देखने गए और ये मौका उन्हें अपने लोकसभा सांसद के साथ मिला, लोकसभा सांसद के सौजन्य से मिला और सांसद अतुल गर्ग ने भी बच्चों को फीलगुड करा दिया। लोकसभा विजिट की खास बात ये थी कि इस विजिट में स्कूली बच्चे भी शामिल रहे। सांसद अतुल गर्ग ने अपने संसदीय क्षेत्र गाजियाबाद से 69 क्षेत्रवासियों को पार्लियामेंट भ्रमण कराया है। जब स्कूली बच्चे लोकसभा विजिट करने के लिये पहुंचे तो इन सभी को सांसद अतुल गर्ग ने दोपहर में लंच भी कराया। साहिबाबाद के राजेंद्रनगर की नवचेतना महिला मंच ने स्कूली बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिये एजुकेशन टूर के तहत पार्लियामेंट भ्रमण के लिये सांसद को पत्र लिखा था।




सांसद अतुल गर्ग छोटे बच्चों के इस अनुरोध पर तत्काल ही लोकसभा अध्यक्ष से अनुमति ली और इन सभी को पार्लियामेंट विजिट कराई। छोटे बच्चों को ये पता चला कि उनके सांसद अतुल गर्ग हैं, देश की संसद ऐसी होती है और पार्लियामेंट विजिट करने के बाद जब ये बच्चे वापस आए तो उनकी हैरानी का ठिकाना नहीं रहा जब उन्होंने देखा कि उनके सांसद अतुल गर्ग ने उनके लिये लंच का भी इंतजाम किया है। सांसद और जनता के बीच कनेक्टिविटी का ये अंदाज वास्तव में एक मिसाल बन रहा है।

## इंतजार खत्म! आज विधायक दल की बैठक में सीएम होगा तय!

### शपथ समारोह में 30 हजार लोगों को न्योता

नई दिल्लीः दिल्ली की नई सरकार के गठन को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बुधवार देर शाम से ही इस तरफ जाने वालीं तमाम वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। शपथ समारोह अब 20 फरवरी शाम के बजाय दिन के11 बजे आयोजित किया जाएगा।

इस शपथ समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा,चंद्रबाबू नायडू,योगी आदित्यनाथ समेत लगभग 20 राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत फिल्मी कलाकारों और धर्म गुरुओं को न्योता भेजा गया है।कई धार्मिक गुरुओं के शामिल होने पर भाजपा इस मंच से हिंदुत्व के एजेंडे का भी संदेश बिहार चुनाव को देखते हुए देगी।भारतीय जनता पार्टी ने शपथ समारोह के लिए लगभग 30 हजार मेहमानों को न्योता दे रही है। देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान के मंच से 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में काबिज होने जा रही भाजपा अगले चुनाव बिहार समेत बाकी राज्यों को भी एक संदेश देना चाहती है, जिसमें हिंदुत्व और विकास दोनों का समावेश होगा।

## आज विधान परिषद में गूंजेगी एमएलसी दिनेश गोयल की आवाज

### शत्रु संपत्ति के मुद्दे पर उठाया है सदन में सवाल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल सदन में अक्सर सत्र के दौरान जनमुद्दों को लेकर आवाज उठाते हैं। एमएलसी दिनेश गोयल जनता से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। वो जनता को एक सहूलियत देना चाहते हैं। आज यानी बुधवार को एक बार फिर से उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एमएलसी दिनेश गोयल की आवाज गूंजेगी। उन्होंने सदन में शत्रु सम्पत्ति को लेकर सवाल उठाया है। आज शत्रु सम्पत्ति पर सरकार का भी नजरिया स्पष्ट होगा। अधिकारियों के पास क्या निर्देश हैं और वो क्या कर रहे हैं यह भी स्पष्ट होगा।



गौरतलब है कि शत्रु सम्पत्ति का मुद्दा इन दिनों गाजियाबाद, मोदीनगर से लेकर बजरिया तक गूंज रहा है। मोदीनगर में लोग शत्रु सम्पत्ति के मुद्दे पर धरने पर बैठे थे। अब एक बार फिर बजरिया क्षेत्र में शत्रु सम्पत्ति का जिन्न बोतल से बाहर आ गया है। देश के विभाजन के बाद जो लोग पाकिस्तान से यहां आकर यहां बसे थे उनको सरकार ने पाकिस्तान में उनकी भूमि के बदले यहां सम्पत्ति दी थी और उसके कागजात भी दिये थे जो बैनामा कहा जाता है, लेकिन बजरिया में लोगो को नोटिस आ रहे हैं।

लोगों का आरोप है कि शत्रु सम्पत्ति के एवज में मिले कागजों को तहसील से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी फर्जी बता रहे हैं। ऐसे में लोगों को एक बड़ी उम्मीद अब एमएलसी दिनेश गोयल से है। आज जब एमएलसी दिनेश गोयल विधान परिषद के सदन में शत्रु सम्पत्ति का मुद्दा उठाएंगे तो कई पहलू सामने आएंगे।

## महाकुंभ में दो भाइयों की जोड़ी संभाल रही है महत्वपूर्ण कमान

### ट्रैफिक से लेकर सुरक्षा के मोर्चे पर तैनात नजर आते हैं आईपीएस अजय पाल शर्मा और आईएएस अमित पाल

### - प्रदेश में अपनी वर्किंग से बनाई है दोनों भाइयों ने अपनी अलग पहचान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आयोजन चल रहा है। तो इस आयोजन में दो सगे भाइयों की जोड़ी अधिकारियों के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन कर रही है। आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा जहां प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले के नोडल अधिकारी हैं। तो आईएएस अधिकारी के रूप में उनके भाई अमित पाल शर्मा यहां प्रशासनिक जिम्मेदारियां को संभालने का काम कर रहे हैं। दोनों ही भाई यहां इस आयोजन को सफल और सुगम बनाने के लिए अपने-अपने स्तर से सेवाएं दे रहे हैं। तो वहीं जनता को परेशानी ना हो, इसके लिए वह खुद फील्ड पर उतरकर कमान भी संभाल रहे हैं। आईपीएस अजय पाल शर्मा जहां सुरक्षा, ट्रैफिक और भीड़ मैनेजमेंट को कंट्रोल करने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। तो वहीं उनके भाई आईएएस अधिकारी अमित पाल भी पीछे नहीं हैं। वह सोमवार को और मंगलवार को महाकुंभ मेले में भीड़ अधिक होने के दौरान माइक उठाकर खुद ही भीड़ मैनेजमेंट करते देखे गए हैं। तो वहीं ट्रैफिक से जब महाकुंभ प्रयागराज की सड़कें जाम से जूझ रही थीं, तो उस दौरान आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा दो पहिया वाहन पर ट्रैफिक को संभालने के लिए सड़कों पर निकले थे। इससे पहले सोशल मीडिया पर उनका एक अन्य वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक बेहोश हुए व्यक्ति की मदद करते हुए नजर आ रहे हैं।









### गाजियाबाद में भी रही है दोनों भाइयों की तैनाती

करंट क्राइम : प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ में जहां आईपीएस और आइएएस अधिकारी के रूप में अजय पाल शर्मा और अमित पाल शर्मा की चर्चा हो रही है। तो वहीं उन्होंने गाजियाबाद में भी अपनी सेवाएं पूर्व में दी हैं। आईपीएस अजय पाल शर्मा गाजियाबाद में एसपी सिटी रहे हैं। तो उनके भाई अमित पाल शर्मा यहां एसडीएम के पद पर कार्यरत रहे थे। दोनों ही सगे भाई इन दिनों महाकुंभ मेले के दौरान तमाम तरीके की व्यवस्थाओं को संभालते और संवारते हुए नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, यूपी पुलिस और प्रशासनक के शीर्ष स्तर के अधिकारियों के संग भी मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पूर्व में नजर आ चुके हैं।

### ग्राउंड जीरो पर रहते हैं दोनों ही अधिकारी एक्टिव

करंट क्राइम : महाकुंभ मेला 2025 प्रयागराज में वैसे तो बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के आईपीएस और आईएएस अधिकारियों की ड्यूटी लगी हुई है लेकिन इन दिनों सबकी नजर अजय पाल शर्मा और अमित पाल पर टिकी हुई है। दोनों ही अधिकारी अपनी ड्यूटी को पूरी गंभीरता और मुस्तैदी के साथ निभा रहे हैं। तो वहीं लोगों को महाकुंभ मेले में असुविधा न हो इसके लिए वह ग्राउंड जीरो पर उतरकर मेहनत और काम भी कर रहे हैं। कुल मिलाकर दोनों सोशल मीडिया पर अपनी गुड वर्किंग के लिए छाए रहते हैं और महाकुंभ में भी उनका यह अंदाज बरकरार है।

# महाकुंभ : 35 दिनों में 52 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

## दिव्य और भव्य महाकुंभ में महाशिवरात्रि तक 60 करोड़ के करीब स्नानार्थियों के आने की उम्मीद








## प्रयागराज महाकुंभ में सनातन धर्म का दिखाई दे रहा है विराट स्वरूप

**महाकुंभ नगर।** दिव्य, भव्य और नव्य महाकुंभ में सनातन का विराट स्वरूप दिखाई दे रहा है, जहां देश-दुनिया से असंख्य लोग अमृतपान को चले आ रहे हैं। रविवार को 1.49 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। अब तक 52.96 करोड़ श्रद्धालु पावन संगम में डुबकी लगा चुके हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि महाशिवरात्रि तक लगभग 60 करोड़ श्रद्धालु महाकुंभ के साक्षी बनेंगे।



रविवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ संगम तट समेत सभी 44 स्नान घाटों पर उमड़ पड़ी थी। भोर में तीन बजे से सुबह आठ बजे तक 37.59 लाख श्रद्धालु पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके थे। सुबह 10 बजे तक 59.55 लाख तो दोपहर में 12 बजे तक 82.52 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। दो बजे तक 1.02 करोड़ की संख्या पार गई। शाम चार बजे 1.18 करोड़ तो छह बजे तक 1.36 करोड़ और रात आठ बजे तक कुल 1.49 करोड़ लोगों ने स्नान किया। सुबह सात बजे से से दोपहर दो बजे तक तक लगभग 85 लाख लोगों ने डुबकी लगाई। शनिवार को 1.36 करोड़ श्रद्धालुओं ने पावन संगम में स्नान किया था।

**अमावस्या की तरह उमड़ी भीड़, बदलना पड़ा प्लान :** छुट्टी के दिन रविवार को अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या की तरह श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से शाम तक पावन संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ की आकांक्षा लिए हुए जनज्वार उमड़ता रहा। इससे कई स्थानों पर स्थिति बिगड़ गई, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस अधिकारियों को प्लान बदलना पड़ा। प्रयागराज मुख्यालय से 30 से 40 किलोमीटर दूर वाहनों को डायवर्ट कर पार्किंग में भेजा गया। संगम तट और वहां तक आने-जाने वाले रास्ते भी चोक रहे।

मेला क्षेत्र के प्रवेश मार्ग पर स्नानार्थियों की गाड़ियां घंटों फंसी रहीं और कई हिस्से में जाम लगा रहा। राजमार्गों पर दूसरे भी दिन वाहन रेंगते रहे और पार्किंग तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। करीब 15 घंटे में 50 हजार से अधिक वाहन जिले में प्रवेश हुए और इसी अनुपात में वापस गए।

## तीर्थनगरी प्रयागराज में कई रास्तों पर भीषण जाम

### मिजार्पुर और लखनऊ मार्ग पर आठ किमी तक वाहनों की कतार, श्रद्धालु परेशान

**प्रयागराज।** दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान करने के लिए आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से स्नानार्थियों की अप्रत्याशित भीड़ तीर्थनगरी पहुंच रही है। इस वजह, रेलवे स्टेशन और सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। तीर्थनगरी में चारों ओर जाम लगा है। सब पैक नजर आ रहा है। दबाव ज्यादा होने के कारण हाईवे पर वाहन रेंग रहे हैं। मिनटों का सफर घंटों में हो रहा है। श्रद्धालु जाम में फंसने के कारण बेहाल नजर आ रहे हैं। संगम जाने वाले रास्तों पर आस्थावानों का तांता लगा है। सड़कों पर हर तरफ जन ज्वार नजर आ रहा है। संगम जाने और आने वाले सभी रास्ते श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरे हैं।



दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान करने के लिए आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से स्नानार्थियों की अप्रत्याशित भीड़ तीर्थनगरी पहुंच रही है। इस वजह, रेलवे स्टेशन और सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। तीर्थनगरी में चारों ओर जाम लगा है। सब पैक नजर आ रहा है। दबाव ज्यादा होने के कारण हाईवे पर वाहन रेंग रहे हैं।

**संगम जाने वाले रास्तों पर आस्थावानों का तांता :** मिनटों का सफर घंटों में हो रहा है। श्रद्धालु जाम में फंसने के कारण बेहाल नजर आ रहे हैं। संगम जाने वाले रास्तों पर आस्थावानों का तांता लगा है। सड़कों पर हर तरफ जन ज्वार नजर आ रहा है। संगम जाने और आने वाले सभी रास्ते श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरे हैं। जंक्शन के अलावा प्रयाग स्टेशन, झूंसी, रामबाग प्रयागराज, नैनी, छिवकी और फाफामऊ स्टेशनों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। रेलवे की ओर से तैयार कराए गए सारे होल्डिंग एरिया और रैन बसेरे फुल हो गए हैं। श्रद्धालु सड़कों पर बैठककर ट्रेनों का इंतजार कर रहे हैं।

इससे पहले, महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी जाम से जूझना पड़ा।

सबसे खराब स्थिति मिजार्पुर और लखनऊ मार्ग पर रही। यहां पर आठ से 10 किलोमीटर तक गाड़ियों की कतारें लगीं रहीं। वहीं, संगम से अपने घरों को लौट रहे श्रद्धालुओं को भी घंटों जाम से जूझना पड़ा। हालांकि, पिछले तीन दिन के मुकाबले शहरवासियों को जाम से थोड़ी राहत मिली है।

### इन सीमाओं पर रहा जाम

- मिजार्पुर-प्रयागराज मार्ग पर रात 1:30 बजे तक जाम लगा रहा, इसके बाद स्थिति सामान्य हुई। सुबह आठ बजे से फिर कठौली से डिगिया तक वाहन रेंगते रहे।
- प्रयागराज-लखनऊ-रायबरेली मार्ग पर छह किमी से अधिक जाम लगा रहा। सिकरी से लगा जाम मलाक हरहर, फाफामऊ तक रुक-रुक गाड़ियां चलतीं रहीं।
- चित्रकूट-प्रयागराज मार्ग पर थोड़ी राहत रही। शंकरगढ़ से निजी समेत अन्य बसों को शहर में प्रवेश नहीं दिया गया। यहां बने पार्किंग पर ही वाहनों को रोका गया।
- प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर जाम की स्थिति सामान्य रही। वाराणसी की ओर से आने वाले वाहनों को सरायइनायत और फिर अंदावा पार्किंग में रोक दिया गया।
- जौनपुर की ओर से प्रयागराज आने वाले वाहनों को रहीमापुर, सहसों के पास रोक दिया गया। कुछ ही वाहनों को मेले तक प्रवेश दिया गया।
- प्रतापगढ़ से प्रयागराज आने वाले वाहन मलाक हरकर तक आ सके। इसके बाद यहां से फाफामऊ तक गाड़ियां रेंगती रहीं।

### विधानसभा में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विवादित बयान

## प्रयागराज महाकुंभ बन गया है अब 'मृत्यु कुंभ'

**कोलकाता।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को बड़ा बयान दिया है। ममता बनर्जी ने महाकुंभ के दौरान हाल ही में हुई भगदड़ और मौतों को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला किया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे ह्यमृत्यु कुंभह्न तक कह दिया। विधानसभा में बोलते हुए ममता बनर्जी ने कहा, 'महाकुंभ अब मृत्यु कुंभ में बदल चुका है। वीआईपी लोगों को खास सुविधाएं दी जा रही हैं, जबकि गरीबों को जरूरी सुविधाओं से महरूम रखा जा रहा है'।



### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का धर्म से कोई लेना-देना नहीं : ममता बनर्जी

बंगाल विधानसभा में सीएम ममता बनर्जी ने आगे कहा कि, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब सांप्रदायिकता के बारे में बोलना या किसी धर्म के खिलाफ भड़काना नहीं है। आप एक खास धर्म को बेच रहे हैं। मैंने यहां कुछ वीडियो देखे हैं, जिसमें उन्होंने (विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी) कहा कि वह हिंदू धर्म के बारे में बोल रहे हैं और इसीलिए उन्हें सदन से निलंबित किया गया है। मैं कभी भी किसी धार्मिक मामले को भड़काने की बात नहीं करती।

**भाजपा पर साधा जमकर निशाना :** ममता बनर्जी ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि, वह देश को बांटने के लिए धर्म का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के लिए उचित योजना न बनाने का भी आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सवाल किया, आपने इतनी गंभीर घटना को ज्यादा बात क्यों नहीं हुई? इस घटना के बाद कुंभ में कितने जांच आयोग भेजे गए?

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के भाषण पर राज्य विधानसभा में बोलते हुए सीएम ममता बनर्जी ने कहा, भारत में कई राज्य हैं। वहां भी डबल इंजन वाली सरकार है। लेकिन पश्चिम बंगाल में हमने विपक्ष को (बोलने के लिए) 50% समय दिया है। उन्होंने सदन के पटल पर कागज फेंके हैं। भाजपा, कांग्रेस और सीपीआई (एम) मेरे खिलाफ एक साथ हैं।

## सरकार भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** सीएम योगी बोले- भोजपुरी, अवधी का विरोध कर रहे सपा के लोग, बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी, पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाएगी और जब सरकार आम जनता के बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने की बात करती है, तो ये लोग उर्दू थोपने की वकालत करने लगते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है, जो कतई स्वीकार्य नहीं होगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की स्थानीय बोलियों भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इन बोलियों को हिंदी की उपभाषाएं मानते हुए सरकार इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार इन भाषाओं के लिए अलग-अलग अकादमियों का गठन कर रही है, ताकि ये समृद्ध हों। ये हिंदी की बेटियां हैं और इन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए। यह सदन केवल विद्वानों के लिए नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की आवाज को यहां स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी का विरोध कर रहे हैं, वे दरअसल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के विरोधी हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि इनका चरित्र ही दोहरा हो चुका है।

सीएम योगी ने कहा कि ब्रजभाषा इतनी समृद्ध है कि संत सूरदास ने इसी भाषा में अपनी रचनाएं दीं। इसी तरह, संत तुलसीदास जी ने अवधी में रामचरितमानस की रचना की, जो न केवल उत्तर भारत बल्कि प्रवासी भारतीयों के लिए भी संकट काल में संबल बनी। उन्होंने कहा कि जो लोग आज भोजपुरी, अवधी और ब्रज भाषा का विरोध कर रहे हैं, वे दरअसल भारत की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के विरोधी हैं। यह दुखद है कि जब इन भाषाओं को सम्मान दिया जा रहा है, तब कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

### हर अच्छे कार्य का विरोध करते हैं समाजवादी

सीएम योगी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का स्वभाव ही यह बन चुका है कि वे हर अच्छे कार्य का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग प्रदेश और देश के हित में किए जाने वाले हर सकारात्मक कदम का विरोध करते हैं। यह नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा सचिवालय ने जब स्थानीय भाषाओं को मान्यता दी तो समाजवादी पार्टी ने इसका भी विरोध किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सपा का यह दोहरा रवैया जनता को समझ में आ रहा है और उन्हें समाज के सामने एक्सपोज किया जाना चाहिए।

सीएम योगी ने कहा कि उनकी सरकार भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मुठभेड़ में गैंगस्टर चुटकुला साथी समेत गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**बरेली।** बरेली के इज्जतननगर थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर सचिन सैनी उर्फ चुटकुला और उसके साथी अभिषेक चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। सचिन सैनी के दाहिने पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ में दरोगा और सिपाही भी घायल हुए हैं। संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग के दौरान मुठभेड़ सोमवार आधी रात मल्हपुर पुलिया के पास हुई। बदमाशों के तीन साथी मौका पाकर भागने में कामयाब हो गए। इनकी तलाश की जा रही है।



सोमवार रात को इज्जतनगर चौकी प्रभारी अनूप सिंह हमराहों के साथ मल्हपुर की पुलिया के पास संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस को कलापुर पुलिया की ओर से दो बाइक पर सवार पांच लोग आते दिखे। रोकने का प्रयास करने पर बाइक सवारों ने डंडे से प्रहार कर बाइकों को बिथरी चैनपुर नहर की ओर दौड़ा दिया। इससे चौकी इंचार्ज अनूप सिंह और कांस्टेबल राजेश कुमार घायल हो गए। पुलिस टीम ने थाने को सूचना दी और बाइक सवारों का पीछा शुरू कर दिया।

सूचना मिलने के बाद थाने की सरकारी जीप से बाइक सवारों को आगे से घेरने की कोशिश की गई। खुद को घिरता हुआ देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान दाहिनी पैर में गोली लगने से सीबीगंज थाने के मथुरापुर निवासी गैंगस्टर सचिन सैनी उर्फ चुटकुला गिर गया।

## अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला : ब्रिटिश नागरिक को कोर्ट से मिली जमानत

**नई दिल्ली।** अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाले में कथित आरोप क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सीबीआई के 3600 करोड़ रुपये के कथित अगस्ता वेस्टलैंड मामले में मिशेल को जमानत मिल गई है।



इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट से मिशेल को झटका लगा था, जब हाई कोर्ट ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद मिशेल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था और याचिका दायर की थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका कर दी थी खारिज :** इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की एक याचिका को खारिज कर दिया था। उस याचिका में मिशेल ने कोर्ट से कहा था कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा किया जाए कि वो मामले में आधी सजा काट चुका है। जेम्स ने सीआरपीसी की धारा 436-अ के तहत जमानत मांगी थी। इसमें कहा गया था कि किसी व्यक्ति को जमानत पर रिहा किया जा सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट की पीठ का फैसला :** न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जेम्स पिछले छह वर्षों से हिरासत में था जबकि मामले की जांच अभी भी चल रही थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि जेम्स को ट्रायल कोर्ट द्वारा तय किए गए नियमों और शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा।

## सत्येंद्र जैन को झटका, चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस, गृह मंत्रालय को राष्ट्रपति ने दी इजाजत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी नेता सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलाने की अनुमति दे दी है। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सत्येन्द्र कुमार जैन के विरुद्ध बीएनएस की धारा 218 के तहत कोर्ट में मामला चलाने के लिए अनुमित मांगी थी।

जानकारी के मुताबिक गृह मंत्रालय का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय से मिली सामग्री के आधार पर सत्येन्द्र कुमार जैन (60) के खिलाफ इस मामले में अभियोजन चलाने के लिए स्वीकृति देने के पर्याप्त साक्ष्य पाए गए हैं। इसलिए कोर्ट में केस चलाए जाने कि मांग की गई है।

जांच एजेंसियों ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ हवाला कारोबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केस दर्ज किया है। मई 2022 में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। सत्येंद्र जैन को ईडी ने जब हिरासत में लिया था, तब उनके पास स्वास्थ्य, बिजली सहित कुछ दूसरे मंत्रालय भी थे। जैन फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। ईडी ने आप नेता के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

**संबंध विच्छेद का खंडन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र साबिर व पुत्रवधू तरन्नुम को उनके गलत व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर दिया था लेकिन अब वह मेरे कहने में चल रहे हैं इस वजह से मैं पूर्व में किए गए संबंध विच्छेद को खंडित करता हूं।
प्रार्थी यामीन पुत्र बसीर अली, निवासी 123,जलालपुर, रघुनाथपुर, मुरादनगर,थाना मुरादनगर, जिला गाजियाबाद हाल निवासी वेलकम कॉलोनी पिलर 904 बंबे के पास, थाना मुरादनगर, जिला गाजियाबाद।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



## अनिल अग्रवाल सांवरिया बने मंडल अध्यक्ष मेरठ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद रामलीला मैदान कवि नगर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मेरठ मंडल में गाजियाबाद महानगर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुकुंद मिश्रा ने कहा कि व्यापारी ही देश की रीड की हड्डी है।

आज व्यापारियों को एकजुट होकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल भारत का सबसे पुराना व्यापार मंडल है जिसकी इकाइयां जम्मू से लेकर कन्याकुमारी तक है इस व्यापार मंडल की स्थापना स्वर्गीय श्री श्याम बिहारी मिश्रा जी पूर्व सांसद के द्वारा की गई थी जो कि आज है वटवृक्ष पूरे भारत में अपनी शाखाएं बने हुए हैं उन्होंने आगे कहा कि आज ऑनलाइन

विस्तृत खबर, पृष्ठ 8

# 28 फरवरी से 2 मार्च तक गोल्फ लिंक में ही सजेगा फूलों का मेला

## आएगी फूलों से लेकर पकवानों तक की खुशबू, नगर निगम गाजियाबाद भी रहेगा सहयोगी की भूमिका में इस बार

### - देसी और विदेशी फूलों संग मिलेगा सेल्फी और रील बनाने का मौका





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** फागुन का महीना शुरू हो चुका है। चारों और पेड़ों से लेकर बगीचों में रौनक और बहार छा रही है। इस रौनक और बहार को और बढ़ाने के लिए हर बार की तरह इस बार भी गोल्फ लिंक में ही फूलों का तीन दिवसीय मेला सजने जा रहा है। वहीं नगर निगम गाजियाबाद व उद्यान विभाग की देखरेख में आयोजित हो रहे इस तीन दिवसीय फ्लावर शो का आयोजन 28 फरवरी से लेकर 2 मार्च तक होने जा रहा है। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई हैं। वहीं गोल्फ लिंक के प्रागंण में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय फ्लावर शो के दौरान जहां सैकड़ो किस्म के देसी और विदेशी फूलों को पास से देखने का मौका मिलेगा। तो वहीं यहां पकवान और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। फ्लावर शो को पुराने रंग और अंदाज में आयोजित करने के लिए ललित जायसवाल और उनकी टीम ने भी अपने स्तर से प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## ललित जायसवाल का आयोजन और मैनेजमेंट रहता है बेस्ट



करंट क्राइम : गोल्फ लिंक सोसायटी में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय फ्लावर शो की शुरूआत 28 फरवरी दिन शुक्रवार से होगी, जो रविवार 2 मार्च को समाप्त होगा। फ्लावर शो को शुक्रवार, शनिवार और रविवार को आयोजित किया गया है ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें पहुंच सके और इसका आनंद ले सकें। इस पूरे आयोजन की प्रमुख्ता से कमान संभालने वाले ललित जायसवाल इससे पहले भी गोल्फ लिंक सोसाइटी में ही फ्लावर शो का बड़े स्तर पर आयोजन करते थे। वहीं इस बार भी यह कार्यक्रम यहीं पर होगा। तीन दिवसीय फ्लावर शो में चटकारे आकर्षण का केंद्र रहते हैं। जहां कई तरीके के खास पकवान और मशहूर दुकानों की स्टॉल लगती है। यहां लोग अलग-अलग बागवानी का लुत्फ उठाते हैं। तो वहीं भागती दौड़ती जिंदगी के बीच सुकून के पल भी उनको मिलते हैं। बता दें कि ललित जायसवाल द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम बेहद शानदार और सफल होते हैं। उनके नेतृत्व में ही कवि नगर रामलीला मैदान में भव्य रामलीला का आयोजन होता है। जो अपने आप में खास रहता है। इसके साथ ही वह सिविल डिफेंस के जरिए शहर में कई तरीके के सामाजिक कार्यक्रमों का भी निर्वहन करते हैं। साथ ही हिंदी भवन को नई पहचान व यहां के आयोजनों के पीछे भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रहती है।

### डहेलिया से लेकर डॉग फ्लावर और कैलेंडुला-सिनेरिया भी आंएगे नजर

करंट क्राइम : गाजियाबाद में तीन दिनों तक चलने वाले गोल्फ लिंक के फ्लावर शो के दौरान लोगों को देसी और विदेशी फूलों का लुफ्त तो मिलेगा। वहीं वह उनके साथ सेल्फी और सोशल मीडिया के लिए वीडियो भी बना सकेंगे। इसके साथ ही यहां कई तरीके के जायके और पकवान भी मिलेंगे। इसके साथ ही परिवार के साथ आने वाले लोगों के बच्चों के लिए झूले से लेकर कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। तो दर्जनों किस्म के फूलों का नजारा भी खास रहेगा। इस दौरान लोगों को मैरीगोल्ड के फूलों पर आधारित इस आयोजन में एलिसम, एंथुरियम, कैलेंडुला, सिनेरिया, गजानिया और साल्विया समेत कई तरह के फूल दिखाई देंगे।

# दिल्ली के शातिर लुटेरे से कौशांबी पुलिस की मुठभेड़

### दो आरोपी हुए गिरफ्तार, तमंचे और बाइक बरामद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली में रहने वाले दो शातिर लुटेरों को कौशांबी पुलिस ने वैशाली सेक्टर-2 और 5 की पुलिया के पास चैकिंग के दौरान मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार मनोज उर्फ असलम उर्फ आते और संजय शर्मा से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा, लूट की तीन सोने की चेन और घटना में फर्जी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल जो की चोरी की बताई जा रही है बरामद की है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि दोनों ही आरोपियों पर बड़ी संख्या में लूटपाट और स्नेचिंग के दिल्ली, हरियाणा- गाजियाबाद सहित कई अन्य जिलों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों बदमाशों ने बीते दिनों कौशांबी-इंदिरापुरम और गाजियाबाद के क्षेत्रों में एक के बाद एक लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

### एसीपी इंदिरापुरम के निर्देश पर चला था चेकिंग अभियान



करंट क्राइम : मंगलवार की शाम एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने कौशांबी पुलिस और सभी चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया था। बताया जा रहा है कि वैशाली इलाके में जब यह चेकिंग चल रही थी, इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस को देख पहले फायर किया। तो बदमाशों पर पुलिस ने भी फायरिंग करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाश शामिल लुटेरे हैं और उनपर दर्जनों की संख्या में मुकदमे दर्ज हैं। बता दें कि एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव इंदिरापुरम सर्किल में कुछ दिन पहले ही गए थे और उनके जाने के बाद एक के बाद एक पुलिस कई बदमाशों के साथ मुठभेड़ कर चुकी है। वहीं कई अन्य खुलासे भी हुए हैं।

# महाराजा सूरजमल ट्रस्ट चुनाव में होने जा रही है भाजपा की एंट्री

### - चल रही है किसकी हवा क्योंकि दोनों ही पैनल में आ रही है भाजपा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की कार्यशैली को देखें तो वो हर छोटे-बड़े चुनाव में अपनी ताकत को आजमा रही है। वो कई जगह मंदिर समितियों के चुनाव में कमल के साथ है। वो आरडब्ल्यूए में भगवा टीम के साथ है और अब जाट समाज के सबसे बड़े ट्रस्ट कहे जाने वाले महाराजा सूरजमल ट्रस्ट के चुनाव में भाजपा आ रही है। बताया जाता है कि नई दिल्ली से सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्था में भाजपा की एंट्री हो रही है। इस संस्था का गठन बहुत पुराना है और बताया जाता है कि कई कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज इस शिक्षण संस्था से जुड़े हैं। यहां दो मार्च को चुनाव होना है। इस संस्था में हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भी सदस्य हैं। यह मुख्य रूप से जाटों की संस्था है और दो मार्च को यहां चुनाव होने जा रहा है।

सूत्र बताते हैं कि यहां भाजपा अपना पैनल लेकर आएगी। वहीं संस्था के भीतर के सूत्र बता रहे हैं कि यहां किसकी हवा है ये पैनल से पता चलेगा क्योंकि दोनों ही पैनल में दोनों ही तरफ भाजपा है। काफी समय से एक ही पैनल जीत रहा है। दो मार्च को यहां चुनाव होना है।

जनकपुरी नई दिल्ली में अध्यक्ष, सचिव सहित कई पदों पर चुनाव होगा। इस बार का चुनाव रोचक होगा। प्रचार चल रहा है और यहां से कौन सा भाजपाई चेहरा विजयी होगा ये भी पता चल जाएगा।

## कमल वाले देवतुल्य कर लें अपनी भावनाओं को फोल्ड

# नामित पार्षदों वाली लिस्ट हो गई है दो महीने के लिए होल्ड




### 60 दिन के बाद लिस्ट की कहानी में आना ना जाए बदलाव का ट्विस्ट

भाजपा में इंतजार की इंतहा वाली परंपरा शुरू हो गई। महानगर अध्यक्ष के लिये इंतजार की इंतहा हो रही है। एक घोषणा का पूरी भाजपा इंतजार कर रही है और एक नाम है जिसकी घोषणा नहीं हो रही है। अब जब कई ऐसे चेहरे हैं जिन्होंने होली पर अपने घर पर नामित वाला गुलाल उड़ाने की तैयारी कर ली थी, मगर होल्ड वाली घोषणा ने उनके होश उड़ा दिये हैं। वजह ये भी है कि ये भाजपा की राजनीति है और यहां कुछ भी हो सकता है। यहां जनरली किसी का टिकट कट सकता है, यहां एक जिले में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होते हुए दूसरे विधायक को कैबिनेट का चार्ज मिल सकता है। जो चुनाव लड़कर देश में नंबर वन आए उन्हें बाद में मौका मिला और जिन्होंने पूरे चुनाव में अलग-अलग जिलों में जाकर चुनाव लड़वाए उन्हें बिना चुनाव लड़े ही पहले मंत्री वाली गद्दी मिली। लिहाजा ऐसे में कुछ भी हो सकता की संभाना ने कई प्रबल दावेदारों के होश उड़ा दिये हैं। क्योंकि आशंका ये वक्त की जा रही है कि जब दो महीने के बाद लिस्ट का नंबर आएगा तो लिस्ट की इस कहानी में चेंज का ट्विस्ट आ जाएगा। कुछ नाम माइनस हो सकते हैं, कुछ नाम एड हो सकते हैं। क्योंकि लिस्ट को प्रभावित करने के लिये प्रभावशाली चेहरों को व्यापक समय मिलेगा। इसलिए इस होल्ड वाली कहानी ने कई दावेदारों के होश उड़ा रखे हैं।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार गठन के बाद से ही सरकारी कृपा का जिक्र शुरू हो जाता है। सब गिनाने लगते हैं कि उन्होंने पार्टी के लिये क्या-क्या किया है और फिर वो ये बताने से भी नहीं चूकते कि पार्टी ने उनके लिये किया ही क्या है। वो किसी भी तरीके से सरकारी भागीदारी चाहते हैं। वो चाहते हैं कि उन पर कृपा हो। सरकार ने भी इसके लिये बहुत सारे रास्ते खोले हैं। कहीं आयोग है, कहीं समिति है, तो कहीं नामित सभासाद, नामित पार्षद वाली कृपा भी है। बीते दिनों भाजपा में नामित पार्षदों की प्रक्रिया शुरू हुई। दैनिक करंट क्राइम ने इसे सबसे पहले प्रकाशित किया और बताया कि राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य इसके पर्यवेक्षक होंगे, कोर कमेटी की बैठक होगी, बैठक में नाम तय होंगे और नामों पर असली ठप्पा लखनऊ में लगेगा। सरकार नामित पार्षद बनाने जा रही है ये खबर देवतुल्यों तक पहुंची। लखनऊ से दिल्ली तक मोबाइल फोनों की घंटियां बजने लगीं। सब अपने-अपने दरों पर माथा टेकने लगे। सीन ये हुआ कि दस नामित पार्षदों के लिये 100 दावेदार आ गए। इसके बाद कोर कमेटी की बैठक हुई और यहां सबने अपने-अपने नाम रखे। लोकसभा वालों ने तीनों विधानसभाओं में भ्रमण करते हुए अपने नाम रखे। विधायकों के लिये चूंकि अपनी विधानसभा में सिफारिश की लक्ष्मणरेखा खींच दी गई थी, लिहाजा उन्होंने अपनी-अपनी विधानसभा के नाम रखे। कुछ नामों को लेकर ये हुआ कि कमान किसी ओर की रही और तीर किसी ओर का रहा। बहरहाल बताते हैं कि यहां से 40 नामों की एक फाइल तैयार हुई। इन 40 में से 30 बाहर होने हैं और 10 नामित पार्षद चुने जाने हैं। सूत्र बताते हैं कि जो फाइल, जो नामित पार्षदी का रंग, जो नामित कृपा का गुलाल होली पर होना था वो अब मई की लू में नजर आएगा।

दरअसल ये प्रक्रिया तो जनवरी में शुरू होनी थी, लेकिन यहां दिल्ली चुनाव आ गया। कोर कमेटी दिल्ली चुनाव में बिजी थी और आस्था का महापर्व महाकुंभ भी चल रहा है। दिल्ली चुनाव से भाजपा एक सुखद अहसास के साथ बाहर आई और नामित वाली हसरतों को पाले बैठे देवतुल्यों को लगा कि अब उन पर बहार आएगी। लिस्ट आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों बाहर आएगी, लेकिन अब भगवा देवतुल्यों को अपनी नामित हसरतों वाले पर्चे को फोल्ड करके रखना होगा। सूत्र बताते हैं कि नामित वाली फाइल लखनऊ में होल्ड हो गई है और अब ये होल्ड वाला ग्रहण दो महीने तक चलेगा। लिहाजा जनवरी में संपूर्ण होने वाला काम अब फरवरी, मार्च, अप्रैल तक अधूरा रहेगा और मई के मौसम में ये लिस्ट आ सकती है।

सूत्र बताते हैं कि ये नामित वाली फाइल लखनऊ में होल्ड हुई है। लखनऊ के सियासी ट्रैक पर नामित पार्षद वाली एक्सप्रेस को ग्रीन सिग्नल नहीं मिल रहा है। फिलहाल दो महीने इंतजार करना होगा।

### पहले बनेगी संगठन की टीम फिर आएगी सरकारी कृपा वाली थीम

नामित पार्षदों वाली रेल जितनी तेज दौड़ी थी अब वो इंतजार के स्टेशन पर जाकर खड़ी हो गई है। उस पर होल्ड का ब्रेक लगा है। सूत्र बताते हैं कि दो महीने का समय पहले संगठन के ढांचे को बनाने में लगेगा। भाजपा में संगठन का चुनाव चल रहा है। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला और महानगर अध्यक्ष घोषित होने हैं। अध्यक्षों के बाद संगठन की पूरी टीम आएगी। यहां कई चेहरे एडजस्ट होंगे और फिर जब संगठन वाली टीम सेट हो जाएगी तब उसके बाद नामित वाली फाइल बाहर आएगी। इसलिए पहली प्राथमिकता संगठन को मिलेगी और नामित वाली हसरतों के हिस्से में अभी इंतजार आएगा।

# दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारियां शुरू

## पुलिस कमिश्नर और नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण दिए निर्देश, महंत नारायण गिरी के साथ की व्यवस्थाओं पर चर्चा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है। महाशिवरात्रि के पर्व के लिए दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर गाजियाबाद को सजाया जाता है। यहां जलाभिषेक करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहते हैं। तो वहीं भक्तों की लंबी-लंबी कतारें और सजावट व अन्य व्यवस्था मंदिर परिसर में की जाती हैं। महाशिवरात्रि के दौरान किसी प्रकार की अफरा-तफरी ना मचे। भक्तों को जलाभिषेक करने में परेशानी ना हो। इसके लिए सोमवार की शाम पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, डीसीपी सिटी राजेश कुमार, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी और ट्रैफिक व सुरक्षा के लिहाज से अधिकारियों ने मंदिर का निरीक्षण किया। यहां महंत नारायण गिरी से अजय मिश्र पुलिस कमिश्नर ने मुलाकात की। अधिकारियों ने यहां पूजा-अर्चना की और महाशिवरात्रि के पर्व को आयोजित करने के लिए मंत्रणा भी की गई। तो वहीं मंगलवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम गाजियाबाद के समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ मंदिर का निरीक्षण किया। साफ-सफाई व्यवस्था के साथ प्रकाश, जलकल और अन्य निर्माण के अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे।

### मंदिर परिसर व मार्ग पर सुरक्षा का रहेगा त्रिस्तरीय घेरा

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कार्यवाहक एडिशनल सीपी की जिम्मेदारी संभाल रहे राजेश कुमार ने बताया है कि पुलिस के अधिकारियों ने दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का निरीक्षण कर लिया है। यहां सुरक्षा का त्रिस्तरीय घेरा रहेगा। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। तो वहीं सीसीटीवी से लेकर ड्रोन और रूफ टॉप ड्यूटी लगाई जाएगी। बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों को लगाया जाएगा। महिला श्रद्धालुओं की अलग से कतार रहेगी। वहीं भक्तों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही जलाभिषेक वाले दिन 26 फरवरी को 25 फरवरी की रात से ही रूट डॉयवर्जन भी किया जाएगा। इसके साथ ही यहां डॉग स्क्वॉड के जरिए जांच भी कराई जाएगी।

### सफाई से लेकर रोशनी और पानी से लेकर मोबाइल टॉयलेट का प्रबंध करेगा नगर निगम

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर महाशिवरात्रि का पर्व हर साल उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। लाखों की संख्या में भगवान भोलेनाथ के भक्त घंटे कतार में खड़े रहने के बाद जलाभिषेक करते हैं। तो पूजा अर्चना भी की जाती है। वहीं नगर निगम गाजियाबाद और अन्य संस्थाएं यहां सफाई से लेकर सड़क की मरम्मत, चूने का छिड़काव, मोबाइल टॉयलेट, डस्टबिन, अतिरिक्त लाइटिंग, सजावट व अन्य व्यवस्थाओं को भी करेगा। वहीं महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम के अलग-अलग विभागों को निर्देश दिए हैं कि दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व के लिए सभी तरह की व्यवस्थाएं अगले दो से तीन दिनों के भीतर पूर्ण की जाएं।



### इस बार अधिक श्रद्धालुओं के आने का है अनुमान : महंत नारायण गिरी

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी का कहना है कि महाशिवरात्रि का पर्व 26 फरवरी को है। 25 फरवरी से ही मंदिर को रंग बिरंगी लाइटिंग और देसी विदेशी फूलों से सजाया जाएगा। जलाभिषेक कराने के लिए बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों और मंदिर समिति के लोगों का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा है कि इस बार महाकुंभ प्रयागराज में आयोजित हुआ है। तमाम शिव भक्त वहां से संगम का जल लेकर आए हैं, जो इस बार बाबा दूधेश्वरनाथ पर उससे भी जलाभिषेक करेंगे। इसलिए भक्तों की संख्या अधिक रहने का अनुमान भी जताया जा रहा है।



## संपादकीय

# लोकतंत्र के नाम पर

अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप की सरकार के समय खर्च कम करने की मुहिम के तहत की एक घोषणा ने भारत में विवाद खड़ा कर दिया है। सवाल उठ रहे हैं कि विदेशी दखल के लिए कोई फंडिंग हुई या नहीं। तत्कालीन चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी ने की पुष्टि की, लेकिन पैसों के लेनदेन से इनकार किया।

यह देखना दिलचस्प है कि अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप की सरकार आने के बाद शुरू हुई खर्च कम करने की आंतरिक मुहिम से जुड़ा एक कदम कैसे भारत की घरेलू राजनीति में एक नए विवाद का कारण बन गया है। एलन मस्क की अगुआई वाले डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी की ताजा घोषणा अमेरिकी टैक्सपेयर्स का पैसा 'फालतू मदों' में बर्बाद होने से बचाने का दावा करती है, लेकिन अपने देश में चर्चा यह हो रही है कि इस रकम का एक हिस्सा भारतीय लोकतंत्र में विदेशी दखलंदाजी सुनिश्चित करने वाला था।

पैसा आया या नहीं वैसे, जो घोषणाएं अभी तक हुई हैं, उनसे यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि वास्तव में कोई भुगतान हुआ है या नहीं और हुआ है तो किसे, कितना मिला है। मस्क ने भी सोशल मीडिया एक्स (पहले ट्विटर) पर अपनी पोस्ट में यही बताया कि जो आवंटित राशि थी, उसकी फंडिंग रोक दी गई है। लेकिन चर्चा में वह सहमति पत्र है, जिस पर यूपीए के शासनकाल के दौरान 2012 में हस्ताक्षर हुए थे।

अनुत्तरित सवाल तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी ने हालांकि की पुष्टि की, लेकिन एक पैसे के भी लेनदेन से स्पष्ट इनकार किया। ऐसे में यह सवाल बचा रह जाता है कि अगर वाकई उस कार्यक्रम के तहत भारत में पैसे भेजे गए थे तो किस तरह से, किन लोगों को भेजे गए और उन पैसों का आखिर किस रूप में इस्तेमाल हुआ। ढोस सबूत चाहिए चूंकि ये सवाल सत्तारूढ़ तबके की ओर से ही उछाले जा रहे हैं, इसलिए याद दिलाना जरूरी है कि उनका काम हवा में सवाल फेंककर संदेह का माहौल बनाना नहीं बल्कि मामले की तह तक पहुंचकर ढोस सबूतों के साथ संदेह की गुंजाइश समाप्त करना और दोषियों को सजा दिलाना है। वैश्विक मूल्य जब तक ऐसे सबूत नहीं आते, तब तक साजिश की बातों को ज्यादा अहमियत नहीं दी जा सकती। इस संदर्भ में यह भी याद रखने की जरूरत है कि लोकतंत्र एक वैश्विक मूल्य है। यही नहीं, चुनाव नतीजों को प्रभावित करना एक बात है और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास करना एकदम अलग बात। जब भारत में इमरजेंसी लागू कर दी गई थी, तब भी बीबीसी जैसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया हाउस लोगों तक सही सूचना पहुंचाने की कोशिश में जुटे थे और भारत सहित दुनिया भर के तमाम लोकतंत्र प्रेमी उन कोशिशों की सराहना ही करते थे।

# भारत व इटली ने कृषि, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग पर की चर्चा : वाणिज्य मंत्री

**नई दिल्ली।** भारत और इटली ने कृषि, रक्षा, अंतरिक्ष, बुनियादी ढांचे और परिवहन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए नई दिल्ली में चर्चा की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इटली के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अवर सचिव मारिया त्रिपोदी और भारत में इटनी के राजदूत एंटोनियो बाटोर्ली से मुलाकात की। भारत और इटली ने कृषि, रक्षा, अंतरिक्ष, बुनियादी ढांचे और परिवहन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए नई दिल्ली में चर्चा की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इटली के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अवर सचिव मारिया त्रिपोदी और भारत में इटनी के राजदूत एंटोनियो बाटोर्ली से मुलाकात की। इन नेताओं ने मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों का पता लगाने से जुड़े विषयों पर चर्चा की। सोशल मीडिया पर बातचीत करते हुए गोयल ने बैठक को उत्पादक



बताया और आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। गोयल ने कहा, इटली के विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए अवर सचिव महामहिम मारिया त्रिपोदी और भारत में इटली के राजदूत महामहिम एंटोनियो बाटोर्ली के साथ एक उत्पादक बैठक हुई। द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने और कृषि, रक्षा, अंतरिक्ष, बुनियादी ढांचे और परिवहन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

इतालवी प्रतिनिधिमंडल के साथ अपनी बैठक के अलावा, गोयल ने यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ एक आभासी चर्चा भी की। दोनों नेताओं ने भविष्य में जुड़ाव बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की और भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी को मजबूत करने के नए अवसरों पर चर्चा की। मंत्री ने अपनी आगामी यात्रा के दौरान सेफकोविक का भारत में स्वागत करने की उत्सुकता व्यक्त की। गोयल और सेफकोविक के बीच चर्चा से दोनों क्षेत्रों के बीच आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने में योगदान मिलने की संभावना है। सोमवार को गोयल ने मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी (टरउ) के सीईओ सोरेन टॉफ्ट और टरउ एजेंसी इंडिया के प्रबंध निदेशक दीपक तिवारी से भी मुलाकात की।

# कर्नाटक बैंक ने 18.87 करोड़ रुपये के सीमापार यूपीआई लेनदेन को किया रद्द

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के कर्नाटक बैंक ने 18.87 करोड़ रुपये के संदिग्ध सीमापार यूपीआई लेनदेन को अपने ग्राहकों के लिए आरक्षित कर दिया है। यह उलटफेर इसलिए किया गया क्योंकि इन लेन-देनों को संसाधित नहीं किया जा सका। यह बात बैंक द्वारा भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के साथ किए गए समाधान अभ्यास के दौरान सामने आई। कर्नाटक बैंक ने नियामकीय फाइलिंग में कहा कि संदिग्ध यूपीआई ग्लोबल लेनदेन की समीक्षा के दौरान समाधान प्रक्रिया में कुछ कमियां पाई गई हैं। बैंक ने पुष्टि की कि इसके कारण बैंक के परिचालन या ग्राहक सेवा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जानकारी 17 फरवरी, 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक को दे दी गई थी।

बैंक ने कहा था कि वह संबंधित राशि की वसूली के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू करेगा और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए



अतिरिक्त नियंत्रण प्रक्रियाएं भी लागू करेगा। सीएसआर घोटाले की जांच के लिए केरल में ईडी की छापेमारी ईडी आज सीएसआर घोटाले की जांच के तहत केरल भर में छापेमारी कर रही है। इस दौरान, अनंथु कृष्णन से पैसे प्राप्त करने वाली संस्थाओं, ट्रस्टों और व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है।

# एसबीआई की रिपोर्ट में दावा, 20 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ से भारत की जीडीपी को 50 आधार अंकों का हो सकता है नुकसान

**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से अपने व्यापारिक साझेदारों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने का एलान किया गया है। इससे भारत की चिंता भी बढ़ गई है। अमेरिका का बड़ा व्यापारिक साझेदार है और अमेरिकी वस्तुओ पर अमेरिका की तुलना में अधिक टैरिफ वसूलता है। इसलिए अमेरिका की ओर से भारतीय उत्पादों पर भी पारस्परिक टैरिफ लगाने की आशंका बढ़ गई है। बड़ा सवाल यह है कि अमेरिका भारतीय उत्पादों पर कितना टैरिफ लगाने का एलान करता है। भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में भारतीय उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ के असर के बारे में बताया है।



भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि यदि अमेरिका भारत पर 20 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ लगाता है तो इससे भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी को 50 आधार अंकों (बीपीसी) का नुकसान हो सकता है। हालांकि, रिपोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। एसबीआई ने कहा है, भारतीय निर्यात पर 20 प्रतिशत फ्लैट टैरिफ के नकली प्रभाव से सकल घरेलू उत्पाद में 50 बीपीएस का नुकसान होगा₹। इस टैरिफ से सबसे ज्यादा प्रभाव कृषि, शिकार, वन क्षेत्र और मछली पालन जैसे क्षेत्रों से जुड़े कारोबार पर पड़ेगा। इन क्षेत्रों को अनुमानित रूप से 1,543.4 मिलियन अमरीकी डॉलर का नुकसान झेलना पड़ सकता है। वित्तीय क्षेत्र की बात करें तो इस क्षेत्र में अमेरिकी टैरिफ के परिणामस्वरूप 1,426.9 मिलियन अमरीकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसके बाद, रसायन और रासायनिक उत्पादों में से जुड़े क्षेत्र को 1,106.5 मिलियन अमरीकी डॉलर और कपड़ा उत्पादों से जुड़े क्षेत्र को 1,076.0 मिलियन अमेरीकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ सकता है। अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित अन्य क्षेत्रों में मूल धातु और गढ़ी हुई धातुएं (804.7 मिलियन अमरीकी डॉलर का संभावित नुकसान) और खनन और उत्खनन (512.4 मिलियन अमरीकी डॉलर का संभावित नुकसान) शामिल हैं।

रिपोर्ट बताती है कि इस तरह के टैरिफ का भारत के निर्यात-संचालित क्षेत्रों पर खासा असर पडेगा।

# बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद सपाट क्लोजिंग, सेंसेक्स 29 अंक टूटा, निफ्टी 22950 से नीचे

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी और एशियन पेंट्स सबसे ज्यादा गिरावट में रहे। एनटीपीसी, जोमैटो, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक और एचसीएल टेक के शेयरों में तेजी रही। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कंपनियों की आय में मंदी के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से मंगलवार को प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सपाट बंद हुए। सुबह से बाजार में जारी कमजोरी के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 29.47 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 75,967.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 465.85 अंक या 0.61 प्रतिशत गिरकर 75,531.01 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 14.20 अंक या 0.06 प्रतिशत गिरकर 22,945.30 पर बंद हुआ।




### बाजार में विदेशी बिकवाली की चिंता बरकरार

### सेंसेक्स के टॉप लूजर्स और टॉप गेनर्स शेयर कौन रहे

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी और एशियन पेंट्स सबसे ज्यादा गिरावट में रहे। एनटीपीसी, जोमैटो, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक और एचसीएल टेक के शेयरों में तेजी रही। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 3,937.83 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची।

स्टॉक्सबॉक्स के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक, चार्टर्ड मार्केट टेक्नीशियन, सीएफटीई, अमेय रणदिवे ने कहा, मंगलवार को भारतीय ब्लू-चिप इक्विटी सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी-50, मामूली गिरावट के साथ बंद हुए, जिसका मुख्य कारण आय में मंदी और चल रही विदेशी बिकवाली को लेकर चिंता थी, जिससे बाजार की धारणा प्रभावित हुई।₹ एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि शंघाई में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार अधिकतर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सोमवार को 'प्रेसिडेंशियल डे' के मौके पर अमेरिकी बाजार बंद रहे। ब्रेंड क्रूड में 0.73% की बढ़त वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.73 प्रतिशत बढ़कर 75.77 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सोमवार को सेंसेक्स 57.65 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 75,996.86 पर बंद हुआ, जिससे आठ दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया था। निफ्टी 30.25 अंक या 0.13 प्रतिशत चढ़कर 22,959.50 पर पहुंच गया था।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 17 9 5 में, नेपोलियन ने 12,000–फ्रैंक पुरस्कार की पेशकश की, जो कि भोजन को संरक्षित करने और इसे पोर्टेबल बनाने का एक तरीका खोज सके। एक पेरिस के कन्फेक्शनर ने 15 साल का प्रयोग किया और पुरस्कार जीता।
- थॉमस एडीसन ने टैटू कलम का आविष्कार किया था।
- यह वेस्टर्न यूनियन था कि अलेक्जेंडर ग्राहम बेल और उनके सह–आविष्कारक ने पहले अपना पेटेंट टेलीफोन के लिए ले लिया था। लेकिन इसके चेयरमैन ने कहा कि यह ₹एक खिलौना और कुछ भी नहीं₹ था।
- अंतरिक्ष में रो नहीं कर सकते क्योंकि आँसू कभी नहीं गिरेंगे।
- जब बेंजामिन फ्रैंकलिन ने अपनी खुद की हारमोनिका का आविष्कार किया, तो यूरोप में इतना लोकप्रिय हो गया कि मोजार्ट और बीथोवेन ने इसके लिए संगीत बनाया।
- वेब रोटरी प्रेस के आविष्कारक विलियम बुलॉक को अपने स्वयं के आविष्कार से मार दिया गया था।
- अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने कई उड़ान मशीनों का आविष्कार किया, लेकिन उड़ान भरने के उनके प्रयासों को फ्लॉप किया गया।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान–पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच–समझकर करें।

**धनु:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीटी ने मंटू को प्लेटफॉर्म पर पकड़ लिया,
टीटी– टिकट दिखा,
मंटू– अरे मैं ट्रेन में आया ही नहीं,
टीटी– क्या सबूत है?
मंटू– अबे सबूत यही है कि मेरे पास टिकट नहीं है।

---

दो बातें हमेशा याद रखना–
हर इंसान उतना बुरा नहीं होता, जितना वह आधार कार्ड पर दिखता है
हर इंसान उतना अच्छा भी नहीं होता, जितना वह अपनी फेसबुक प्रोफाइल पर दिखता है।

---

टीचर– एक टोकरी में 10 आम थे 3 सड़ गए तो कितने बचे ?
घंटू– 10।
टीचर– अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे ?
घंटू– सड़े हुए आम कहां जाएंगे, सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी


दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# ‘जनसंपर्क सिद्धांत और व्यवहार’ पुस्तक का भव्य विमोचन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनसंपर्क के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पुस्तक ‘जनसंपर्क सिद्धांत और व्यवहार’ का भव्य विमोचन दिल्ली में आयोजित पुस्तक मेले में सुप्रसिद्ध फिल्मकार, निर्माता, निर्देशक एवं लेखक सुरेंद्र श्रीवास्तव के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर साहित्य, शिक्षा और पत्रकारिता जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं।

यह पुस्तक डॉ. संजीव कुमार मिश्र (वरिष्ठ प्राध्यापक, पत्रकारिता, आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ) और डॉ. अभिमन्यु कुमार झा (डीन, गलगोटिया विश्वविद्यालय) द्वारा लिखी गई है, जिसे रबीना प्रकाशन, दिल्ली ने प्रकाशित किया है। पुस्तक जनसंपर्क के सिद्धांतों और व्यावहारिक पहलुओं को सरल एवं प्रभावी भाषा में प्रस्तुत करती है, जिससे यह छात्र, शोधार्थी, जनसंपर्क विशेषज्ञ और पत्रकारिता जगत के लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ के कुलाधिपति योगेश मोहनजी गुप्ता ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा, जनसंपर्क आधुनिक युग की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। यह पुस्तक इस क्षेत्र के विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। मुझे गर्व है कि हमारे विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार मिश्र ने इस विषय पर इतनी महत्वपूर्ण कृति लिखी है। प्रति-कुलाधिपति डॉ. मयंक अग्रवाल ने कहा, मीडिया और जनसंपर्क आज के डिजिटल युग में अभूतपूर्व बदलाव से गुजर रहे हैं। यह पुस्तक विद्यार्थियों को जनसंपर्क के सिद्धांतों और व्यवहारिक पक्ष को समझने में मदद करेगी। डॉ. संजीव कुमार मिश्र की यह रचना शिक्षा जगत में एक नई दिशा प्रदान करेगी।

आईआईएमटी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. दीपा शर्मा ने कहा, यह पुस्तक पत्रकारिता और जनसंपर्क के विद्यार्थियों के लिए एक मूल्यवान संदर्भ ग्रंथ है। इसके माध्यम से छात्र न केवल जनसंपर्क की मूलभूत अवधारणाओं को समझ सकेंगे, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव का लाभ भी मिलेगा। डॉ. संजीव कुमार मिश्र और डॉ. अभिमन्यु कुमार झा को इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए बधाई।

### समारोह में प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति

पुस्तक विमोचन समारोह में महाराज अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन.के. सिन्हा, 1600 से अधिक पुस्तकों के सुप्रसिद्ध लेखक पवित्र कुमार शर्मा, साहित्यकार जहीर ललित पुरी, आकाशवाणी की पूर्व उद्घोषक मधु शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी और पत्रकार नीलिमा ठाकुर समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने पुस्तक की सराहना करते हुए इसे जनसंपर्क क्षेत्र के विद्यार्थियों और प्रोफेशनल्स के लिए एक अमूल्य योगदान बताया।

### पुस्तक पर लेखकों और अतिथियों की प्रतिक्रिया

डॉ. संजीव कुमार मिश्र ने कहा, यह पुस्तक जनसंपर्क के क्षेत्र में गहन शोध और व्यावहारिक अनुभव का परिणाम है। हमने इसे इस तरह से तैयार किया है कि यह न केवल शिक्षाविदों बल्कि मीडिया इंडस्ट्री के पेशेवरों के लिए भी उपयोगी साबित हो।

डॉ. अभिमन्यु कुमार झा ने कहा, आज के डिजिटल युग में जनसंपर्क की भूमिका और अधिक व्यापक हो गई है। यह पुस्तक आधुनिक जनसंपर्क के बदलते स्वरूप और चुनौतियों को समझने में सहायक होगी।

सुप्रसिद्ध फिल्मकार सुरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा, जनसंपर्क केवल सूचना का प्रसार नहीं, बल्कि छवि निर्माण और प्रभावी संवाद का माध्यम है। यह पुस्तक इस क्षेत्र के विद्यार्थियों और प्रोफेशनल्स के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ साबित होगी।

### दो दिवसीय नीलामी सफलतापूर्वक सम्पन्न

# नीलामी से जीडीए को होगी 91.33 करोड़ रुपए की आय



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित दो दिवसीय नीलामी 17-18 फरवरी 2025 को हुई सम्पन्न, प्राधिकरण को नीलामी से 91.33 करोड़ रुपए की होगी आय। इस नीलामी में दिनांक 17.02.2025 को स्वर्णजयन्तीपुरम योजना के कुल 27 आवासीय भूखण्डों, बृज विहार योजना के 02 भूखंड, मधुबन बापूधाम योजना के 01 मिल्क बूथ, 01 ए0टी0एम क्योस्क, 30 कन्वीनियन्ट शॉप की नीलामी सम्पन्न हुई थी जिसमे प्राधिकरण को 34,42,43,491/- रुपए की आय प्राप्त होगी। नीलामी दिनांक 18.02.2025 को इंदिरपुरम योजना के न्याय खंड 1 मे आवासीय 01 भवन व 01 भूखंड, ज्ञान खंड-2 में 01 भूखंड, सूर्य नगर योजना मे 01 आवासीय भूखंड, वैशाली योजना सेक्टर-02 में 01 एवं सेक्टर 3 में 01 कन्वीनियन्ट शापिगं भूखंड, कपूरीपुरम योजना मे आर्ट गॅलरी भूखंड 01, मधुबन बापूधाम योजना पॉकेट ऋ में 01 सामुदायिक केन्द्र 10 वर्ष हेतु, इंदिरपुरम योजना में 03 सामुदायिक केन्द्र 10 वर्ष हेतु, बृज विहार योजना में 01 सामुदायिक केन्द्र 10 वर्ष हेतु, पुराना बस अड्डा गाजियाबाद मे ऑटो स्टैन्ड, राजेन्द्र नगर योजना के सेक्टर-05 मे 01आवासीय भूखंड एवं प्रताप विहार योजना के सेक्टर-12 मे 01 व्यवसायिक भूखंड की नीलामी सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई, जिससे प्राधिकरण को कुल 56,90,93,820/- रुपए की आय प्राप्त होगी । इस प्रकार दो दिवसीय प्रस्तावित नीलामी से प्राधिकरण को कुल 91,33,37,311/- रुपए की आय प्राप्त होगी।

# मुम्बई में आयोजित हुआ ऑल इंडिया इंस्पायर एजुकेशनल समिट का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कोटक एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा ऑल इंडिया इंस्पायर एजुकेशनल समिट-2025 चेंबूर मुम्बई में आयोजित किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व गाजियाबाद से एस आर जी पूनम शर्मा, लोनी से सहायक अध्यापक रूबी शर्मा एवं मुरादनगर से सहायक अध्यापक प्रमोद सिरोही ने किया। तीन दिवसीय वर्कशॉप में विशेष रूप से आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस का शिक्षा में उपयोग किए जाने वाली विभिन्न तकनीको पर फोकस किया गया।

चर्चा में गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र , मुंबई, राजस्थान, दिल्ली,लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों ने भाग लिया। ए आई का प्रयोग शिक्षा में करने के साथ-साथ इसके प्रभाव एवं दुष्परिणामो पर भी विचार किया गया। समापन समारोह में पैनल डिस्कशन में पूनम शर्मा ने पैनलिस्ट के रूप में प्रतिनिधित्व करते हुए कहा कि एआई ने हमारे दैनिक जीवन में अपना स्थान बना लिया है और इसके प्रयोग को हमें स्वीकारना होगा लेकिन सावधानी के साथ। ए आई के महत्व को हम नकार नहीं सकते लेकिन यह कभी भी शिक्षक का स्थान नहीं ले सकता। यदि सभी ए आई के प्रयोग से शैक्षिक कार्य करेंगे तो अपने आपको भीड़ से अलग करने हेतु कुछ तो अलग करना होगा और तब नवाचार और क्रियात्मकता को पहचान मिलेगी।

मुंबई में शिक्षा के लिए बनाई गई इमारत म्यूजियम ऑफ सॉल्यूशनका भ्रमण कराया गया। इसके अलावा मुंबई दर्शन भी कराया गया। सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करने के साथ अत्यन्त व्यस्त एवं




विविधता से पूर्ण कार्यक्रम रहा। आगामी सत्र में कोटक एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा गाजियाबाद में पायलट प्रोजेक्ट किया जाना प्रस्तावित है।

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा एजुकेशनल समिट की पूर्ण जानकारी प्राप्त की गई और उत्तर प्रदेश के सभी प्रतिभागियों पूनम शर्मा, रूबी शर्मा और प्रमोद सिरोही को समस्त जानकारी का अभिलेखीकरण करने हेतु निर्देशित किया।

# सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल में भूकंप जागरूकता मॉक ड्रिल का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल में मंगलवार को भूकंप जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल में सभी छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

मॉक ड्रिल के दौरान, छात्रों को भूकंप के दौरान और बाद में अपनी सुरक्षा के लिए विभिन्न उपायों के बारे में बताया गया। उन्हें भूकंप आने पर 'ड्रॉप, कवर एंड होल्ड' तकनीक का उपयोग करने और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के बारे में सिखाया गया। स्कूल के शिक्षकों ने भूकंप के दौरान सावधानी बरतने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भूकंप एक प्राकृतिक आपदा है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। इसलिए, हमें हमेशा इसके लिए तैयार रहना चाहिए।

प्रधानाचार्य सपना अहलावत ने छात्रों को भूकंप से संबंधित कुछ

**भूकंप आने पर हमें घबराना नहीं चाहिए और शांत रहकर अपनी सुरक्षा के लिए उपाय करने चाहिए।**

महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं। उन्होंने बताया कि भूकंप आने पर हमें घबराना नहीं चाहिए और शांत रहकर अपनी सुरक्षा के लिए उपाय करने चाहिए। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि भूकंप के बाद हमें बिजली के खंभों और तारों से दूर रहना चाहिए। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य छात्रों में भूकंप के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार करना था। स्कूल प्रशासन ने इस तरह के और भी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने का आश्वासन दिया।

## डबल इंजन की सरकार करेगी दिल्ली को आपदा मुक्त : योगेश त्रिपाठी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश सहसंयोजक श्रम प्रकोष्ठ भाजपा उत्तर प्रदेश योगेश त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को अपना पूरा सहयोग देकर भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई है। भाजपा सरकार दिल्ली वासियों के विश्वास पर कायम रहते हुए दिल्ली को आपदा मुक्त करेगी और राजधानी दिल्ली का विकास करेगी और उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों में भाजपा की जीत को लेकर काफी उत्साह है और सुकून भी है क्योंकि उन्हें विश्वास है की दिल्ली ने अब भाजपा है तो अब दिल्ली का विकास हो सकेगा। आम आदमी पार्टी की नाकामी को दिल्ली की जनता ने आइना दिखाया है। दिल्ली में भाजपा की जीत का कारण भाजपा की सुशासन नीति और विकास मॉडल की स्वीकृति है। भाजपा की प्राथमिकता हमेशा गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों की भलाई के लिए रहती है। भाजपा सरकार की विकसित सोच के कारण मेट्रो, एयरपोर्ट, स्मार्ट इंडिया और आयुष्मान योजनाओं से आम जनता को लाभ मिल रहा है।

## इंसान का सबसे बड़ा धर्म है परोपकार : आचार्य मनीष पंडित



गाजियाबाद, करंट क्राइम। हिंडन मोक्ष धाम एवं अध्यक्ष श्री धार्मिक रामचंद्र सीता देवी हरनंदी सेवा संस्थान के आचार्य मनीष पंडित प्रबंधक ने बताया कि परोपकार मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है। आजकल के दौर में सब आगे बढ़ने की होड़ में इस कदर लगे हुए हैं कि परोपकार जैसे सबसे पुण्य काम को भूलते चले जा रहे हैं। इंसान मशीनों के जैसे काम करने लगा है और परोपकार, करुणा, उपकार जैसे शब्दों को जैसे भूल सा गया है। चाहे हम कितना भी धन कमा ले परन्तु यदि हमारे अन्दर परोपकार की भावना नहीं है तो सब व्यर्थ है। मनुष्य का इस जीवन में अपना कुछ भी नहीं, वह अपने साथ यदि कुछ लाता है तो वे उसके अच्छे कर्म ही होते हैं। पूजा पाठ इन सब से बढ़कर यदि कुछ होता है तो वो है परोपकार की भावना और यह कहना गलत नहीं होगा कि यह सबसे बड़ा धर्म है परोपकार की भावना हम सबके अन्दर होनी चाहिए और हमे अपने अगले पीढ़ी को भी इससे भलीभांति परिचित कराना चाहिए। हमे बच्चों को शुरू से बाटने की आदत लगानी चाहिए। उन्हें सिखाना चाहिए कि सदैव जरुरत मंदों की मदद करें और यही जीवन जीने का असली तरीका है। जब समाज में कोई हमारे छोटी सी मदद से एक अच्छा जीवन व्यतीत कर सकता है तो क्यों न हम इसे अपनी आदत बना लें। और समाज के कल्याण का हिस्सा गर्व से बने। हमारे छोटे-छोटे योगदान से हम जीवन में कई अच्छे काम कर सकते हैं।

# गाजियाबाद में 80 बीघा जमीन पर गरजा बुलडोजर

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जीडीए अवैध कॉलोनियों को लेकर जीडीए की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को राजनगर एक्सटेंशन के निकट विकसित की जा रही कालोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। प्रवर्तन टीम ने अवैध रूप से 80 बीघा भूमि पर सुनील चौधरी द्वारा विकसित की जा रही कालोनी पर बुलडोजर चलाया। कॉलोनी के बाउंड्रीवाल, सड़क एवं विद्युत पोल को बुलडोजर से तोड़ने के साथ ही निर्माण को ध्वस्त किया। इस दौरान कालोनाइजर की ओर से लोगों ने विरोध करते किया, जिसके बाद पुलिस बल ने उन्हें नियंत्रित करते हुए ध्वस्तीकरण किया। जीडीए अधिकारियों को स्पष्ट बताया गया है कि कहीं भी अवैध कॉलोनी न कटने दी जाए। जहां भी कॉलोनी काटी जा रही हैं वह नियम संगत हों और रहने वालों के लिए मूलभूत सभी सुविधाएं हों। उसमें बच्चों के लिए पार्क और कॉमन हॉल, धार्मिक स्थल आदि की व्यवस्था हो। प्राधिकरण से उसका नक्शा पास होना जरूरी हो। अन्यथा उन पर कार्यवाही की जायेगी।

## गढ़मुक्तेश्वर में अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई

# एचपीडीए ने बिना मंजूरी वाली 5 कॉलोनियों में चलाया बुलडोजर



**हापुड (करंट क्राइम)।** प्राधिकरण ने गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र में 5 अवैध कॉलोनियों में बुलडोजर चलाया। प्रभारी सचिव प्रवीण गुप्ता के नेतृत्व में यह कार्रवाई पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। कार्रवाई में राजू पुत्र रूमाल सिंह की 7000 वर्ग मीटर, संतोष और मोहम्मद परवेज की 6000 वर्ग मीटर, पुष्पेंद्र सिंह की 5000 वर्ग मीटर, मोहम्मद यूसुफ की 2000 वर्ग मीटर और हाजी शादाब की अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। सभी कॉलोनियां खुडलिया और सिम्भावली क्षेत्र में एनएच-09 के पास स्थित थीं। इन सभी में बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण किया जा रहा था। अभियान में प्रभारी प्रवर्तन अम्बरीश कुमार शर्मा, अवर अभियंता देशपाल सिंह और प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद था। प्राधिकरण सचिव ने अवैध निर्माणकताओं को चेतावनी दी है कि वे तुरंत अवैध निर्माण रोकें। उन्होंने कहा कि निर्माण से पहले मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सीलिंग और ध्वस्तीकरण के साथ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी पुलिसकर्मी बनकर व्हाट्सएप पर किया साइबर फ्रॉड




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक युवती को फर्जी पुलिसकर्मी ने व्हाट्सएप पर धमकाकर अश्लील फोटो और वीडियो बनवा लिए। डीसीपी क्राइम सच्चिदानंद राय के अनुसार, कवि नगर क्षेत्र की रहने वाली युवती को 13 सितंबर को एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। उसने युवती को गिरफ्तार करने की धमकी दी। डर के मारे युवती ने फर्जी पुलिसकर्मी के कहने पर अपने निजी फोटो और वीडियो बनवा दिए। इसके बाद आरोपी ने युवती से 5 लाख रुपए की मांग की। पैसे न देने पर फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी जा रही है। युवती ने 15 फरवरी को डाक के जरिए थाना कवि नगर में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में रक्तदान शिविर का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में एसएसआर और एनएसएस क्लब द्वारा रोटरी क्लब साहिबाबाद एवं रोटरी वरदान ब्लड बैंक, गाजियाबाद के सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य का शुभारंभ आईएमएस ग्रुप के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छारिया एवं श्रीमती दीपा छारिया द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के निदेशक प्रो. डॉ. अरुण कुमार सिंह, उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को रक्तदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि रक्तदान न केवल जीवन बचाने का कार्य है, बल्कि यह समाज में परोपकार की भावना को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी से समय-समय पर इसमें भाग लेने की अपील की।

रक्तदान शिविर के दौरान रोटरी क्लब साहिबाबाद एवं रोटरी क्लब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी की ओर से सुभाष जैन, बबीता जैन, दीपक अग्रवाल, रीनम जैन, अधीर गर्ग, सारंग अग्रवाल, देवेन्द्र मित्तल, मनोज अग्रवाल, आशु गोयल, सलभ अग्रवाल, अरुण शर्मा, डॉ. आर. पी. महेश्वरी, सीए. देवेन्द्र एवं पुष्पेन्द्र कुमार सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

इस महादान में संस्थान के छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के अंतर्गत 217 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो भविष्य में जरूरतमंदों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

शिविर का संचालन डॉ. ऋषि कुमार सिंह द्वारा किया गया। आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के इस सामाजिक प्रयास की सभी उपस्थित अतिथियों एवं रक्तदाताओं ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## सरकारी दफ्तरो में बिना सीट बेल्ट वाले कर्मचारियों को नहीं मिलेगी एंट्री : डीएम प्रेरणा शर्मा



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** मुख्य सचिव ने सभी सरकारी और अर्ध-सरकारी कार्यालयों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीएम प्रेरणा शर्मा ने बताया कि नए नियमों के अनुसार, दोपहिया वाहन से आने वाले सभी अधिकारी और कर्मचारियों को हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। साथ ही, उनके पीछे बैठने वाले यात्री को भी हेलमेट पहनना जरूरी है।

चार पहिया वाहन से आने वाले कर्मचारियों के लिए भी नियम तय किए गए हैं। उन्हें गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने पर प्रतिबंध है। वाहन में सवार सभी लोगों को सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य है। सुरक्षाकर्मी नियमों का पालन करेंगे सुनिश्चित कार्यालय के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी इन नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों को कार्यालय में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। सभी कार्यालय प्रमुखों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के आदेश दिए गए हैं।

# शराब पीने वालों पर 3 घंटे के अभियान में 574 लोगों का चालान, सार्वजनिक स्थानों पर पी रहे थे शराब




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए विशेष 3 घंटे के अभियान में 574 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सभी के खिलाफ पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में शराब के ठेकों के आसपास विशेष जांच अभियान चलाया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 283 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 64, विजयनगर से 39, सिहानी गेट से 27, नंदग्राम से 57, कवि नगर से 45 और मधुबन बापूधाम से 51 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 143 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें लोनी से 11, ट्रॉनिका सिटी से 9, अंकुर विहार से 6, लोनी बॉर्डर से 15, मसूरी से 12, मुरादनगर से 19, मोदीनगर से 4, निवाड़ी से 4, भोजपुर से 11, वेव सिटी से 11 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 34 लोग शामिल थे। पुलिस ने सभी आरोपियों का मेडिकल परीक्षण करवाने के बाद चालान किया।

# राष्ट्रपति पदक प्राप्त करने वाले एवं गणतंत्र दिवस परेड में शामिल सिविल डिफेंस वार्डनों को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया सम्मानित

## सीडी के चीफ वॉर्डन ललित जायसवालऔर उनकी टीम को किया गया सम्मानित

### प्रशासन के साथ हर कार्य में भरपूर सहयोग करते हैं सिविल डिफेंस मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में सिविल डिफेंस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपक मीणा आईएएस जिलाधिकारी, अति विशिष्ट अतिथि अभिनव गोपाल आईएएस मुख्य विकास अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि गंभीर सिंह अपर जिलाधिकारी नगर द्वारा शिरक्त की गई। वहीं चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल और उप नियंत्रक रविन्द्र प्रताप के नेतृत्व में सिविल डिफेंस गाजियाबाद के वार्डन/ स्वयं सेवकों द्वारा गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित परेड में प्रतिभाग किया। इस मौके पर महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सिविल डिफेंस गाजियाबाद के राजेंद्र शर्मा को विशिष्ट सेवा पदक, चैतन्य जैन को भी विशिष्ट सेवा पदक और रमन सक्सेना को सराहनीय सेवा पदक (राष्ट्रपति पदक) से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 2023 में अनिल अग्रवाल को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा जो विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था उनको भी महामहिम राष्ट्रपति द्वारा दिया गया प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया गया। वहीं सभी वार्डेन का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रशस्ति पत्र वितरण और पुष्प गुच्छ प्रदान किया गया।












### सिविल डिफेंस का योगदान सराहनीय : डीएम

**करंट क्राइम :** मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी वार्डेन को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए सुझाव दिया कि सिविल डिफेंस वर्षभर किए गए अपने कार्यों की एक बुकलेट जरूर बनाए और जनपद में आने वाले नए अधिकारियों को भेंट करें। इसी प्रकार प्रशासन और पुलिस का भविष्य में भी सहयोग करते रहे और इसी के साथ—साथ सेकंड लाइन ऑफ लीडरशिप भी तैयार करते रहें। अति विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि चीफ वार्डन ललित जायसवाल के नेतृत्व सिविल डिफेंस के सभी वार्डेन हर समय प्रशासन के साथ हर कार्य में भरपूर सहयोग करते हैं और हमें आशा है कि करते रहेंगे। विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह ने सिविल डिफेंस की स्थापना का उद्देश्य और समय—समय पर गाजियाबाद सिविल डिफेंस के कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया।

### यह चेहरे भी रहे मौके पर मौजूद

**करंट क्राइम :** चीफ वार्डन ललित ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही डिप्टी कंट्रोलर रविन्द्र प्रताप ने सभी का प्रोग्राम में आने के लिया धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर चीफ वार्डन ललित जायसवाल, डिप्टी कंट्रोलर रविन्द्र प्रताप, एडीसी गुलाम नबी, प्र. डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, चैतन्य जैन, रमन सक्सेना, हर्ष वर्मा, सुधीर कुमार, गोपाल बंसल, पंकज बंसल, नवनीत कुमार, रवि अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि अनेकों वरिष्ठ वार्डन ने प्रोग्राम में प्रतिभाग किया।

## अंकुश अरोड़ा बने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल

**करंट क्राइम।** युवाओ में अतिलोकप्रिय चेहरा गाजियाबाद की राजनीति में विशेष पहचान रखने वाले अंकुश अरोरा को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का वाइस चेयरमैन बनाया गया है .कल रामलीला मैदान कवि नगर में आयोजित शपथ समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष संजीव गुप्ता व महानगर अध्यक्ष सुभाष छाबडा ने अंकुश अरोरा को वाइस चेयरमैन की जिम्मेदारी सौपी.इस अवसर पर अंकुश अरोरा ने कहा मुझपर विश्वास करते हुए जो जिम्मेदारी मुझे सोपि गई है मैं उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ उसका निर्वाहन करूँगा ।ओर व्यापारीयो की आवाज बनकर व्यापारी हित में कार्य करूंगा।




## समय से नहीं होती सीवर लाइन की सफाई, होती है ओवरफ्लो की समस्या : हिमांशु चौधरी

**साहिबाबाद ( करंट क्राइम)।** साहिबाबाद गांव वार्ड-40 में सीवर की समस्या का सामना लोग कर रहे हैं । पार्षद हिमांशु चौधरी ने सफाई कर्मियों की एक टीम द्वारा मेन लाइन की सफाई का काम शुरू करवाया है। वार्ड- में लगती कालोनियों की भी मेन लाइन के साथ दूसरी लाइनों की भी सफाई करवाई जाएगी। मेन लाइन की सफाई करवाने के लिए गलियों में सीवर के दूषित पानी का लेवल अब कम होने लगा है। सीवर लाइन में दूषित पानी प्लांट की तरफ जाना चालू हो गया है। पार्षद हिमांशु चौधरी वार्ड नंबर 40 गाजियाबाद नगर निगम के लिए सीवर की समस्या का समाधान करने के लिए काम कर रहे हैं। पार्षद हिमांशु चौधरी ने सीवर लाइनों की सफाई के लिए काम किया है, जिससे सीवर की समस्या को कम किया जा सके। नालों की सफाई उन्होंने नालों की सफाई के लिए भी काम किया है। जिससे जलभराव की समस्या को कम किया जा सके। सीवर प्रणाली का उन्नयन पार्षद हिमांशु चौधरी ने सीवर प्रणाली का उन्नयन करने के लिए भी काम किया है। जिससे सीवर की समस्या को पूरी तरह से समाप्त किया जा सके। पार्षद ने कहा कि सीवर लाइन की स्कैनिंग कर सफाई होनी चाहिए।




## संभव के अंतर्गत नगर आयुक्त ने की जनसुनवाई, 22 संदर्भों का कराया निस्तारण

### जलकल संबंधित शिकायतों के निस्तारण में अविलंब कार्रवाई करे टीम : नगर आयुक्त




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा संभव जनसुनवाई के अंतर्गत समस्याओं को सुना गया, तत्काल निस्तारण के लिए कार्यवाही भी कराई गई संभव में 22 संदर्भ प्राप्त हुए, अधिकांश संदर्भ निर्माण विभाग संबंधित प्राप्त हुए जिनमें से अवैध अतिक्रमण पर शिकायतें प्राप्त हुई, जोनल प्रभारी तथा निर्माण विभाग की टीम प्राप्त संदर्भों पर जांच करते हुए कार्यवाही करें निर्देशित किया गया। निर्माण विभाग से 7, स्वास्थ्य विभाग से 2, प्रकाश विभाग से 1, संपत्ति विभाग से 2, टैक्स विभाग से 2, जलकल विभाग से 6 तथा अतिक्रमण संबंधित 1 संदर्भ प्राप्त हुआ, जलकल विभाग संबंधित संदर्भों पर तेजी से कार्यवाही हो कड़े निर्देश जलकल टीम को दिए गए साथ ही किसी भी शिकायत के दोबारा से प्राप्त होने पर संबंधित विभाग के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी निर्देश दिए गए।

संभव के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह अधिशासी अभियंता निर्माण देशराज, व अन्य जलकल विभाग व प्रकाश की टीम उपस्थित रही, संभव के दौरान कई पार्षदों ने भी अपने क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की तथा नगर आयुक्त की समक्ष अपने सुझाव भी रखें, गाजियाबाद नगर निगम जन सहभागिता से प्राप्त समस्याओं के समाधान पर तेजी से कार्य कर रहा है जिसमें जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग निगम को मिल रहा है।




## महाशिवरात्रि पर पुलिस को करनी है महाव्यवस्था

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 26 तारीख को होने वाले महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर अभी से पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिसटम वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के कई अधिकारियों ने शहर के सबके प्रमुख और मान्यता वाले मंदिर का निरीक्षण किया है। यहां पूजा-अर्चना करने के साथ जलाभिषेक और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। इसके साथ ही मंदिर वाले महाराज जी से लेकर पुलिस के अधिकारियों के साथ मीटिंग वाला सिलसिला चला है। वहीं महाशिवरात्रि पर सड़क से लेकर मंदिर वाले मार्ग और मंदिर में गर्भ गृह से लेकर लोगों के आने जाने और सीसीटीवी की व्यवस्था से लेकर रूफटॉप ड्यूटी तक पर चर्चा की गई है। बताया जा रहा है कि इस बार पार्किंग वाला प्लान और रिजर्व पुलिस को रखने का इंतजाम भी किया जा रहा है। तो वहीं सूचना यह मिली है कि इस बार मंदिर में भीड़ अधिक होगी इसलिए महिला और पुरुषों का प्रवेश और निकास अलग होगा दोनों को एक साथ जलाभिषेक की कतार में नहीं करने दिया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि यहां वाले डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारी ने भी अपनी वर्किंग शुरू कर दी है ताकि महाशिवरात्रि वाले दिन महाव्यवस्था का इंतजाम रहे। बाबा के स्थल व बाबा के भक्तों को किसी तरीके की परेशानी ना हो और कोई बदइंतजामी भी नहीं होने पाए। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इस बार बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों और पुलिस के उन कर्मचारियों को भी ड्यूटी पर लगाया जाएगा, जो अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार काम करते हैं। उन खास प्रभारियों को भी लगाया जाएगा, जो थानों में अतिरिक्त वाली भूमिका निभा रहे हैं। वहीं सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि 23 तारीख को कोई महत्वपूर्ण बैठक भी पुलिस वाली लाइन में होनी है। उसमें भी कई तरीके के दिशा-निर्देश और सुरक्षा वाला प्लान व ड्यूटी को लेकर इंतजामों पर चर्चा हो सकती है। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में होने वाला महाशिवरात्रि का पर्व कैसे संपन्न होता है और क्या इंतजाम रहते हैं। देखना महत्वपूर्ण रहेगा।



## टीम करंट क्राइम ने उदयवीर सिंह का जन्मदिन मनाया











**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम के साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदय वीर सिंह का जन्मदिन करंट क्राइम मुख्यालय में मनाया गया। संपादक मनोज गुप्ता समाचार संपादक दीपक भाटी ने उदयवीर सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी लंबी आयु यशस्वी जीवन खुशहाल जीवन की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ संवाददाता सुभाष शर्मा, वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण , फोटो जर्नलिस्ट वरुण लाहौरिया, डिजाइन टीम के नरेश शर्मा,विक्की सैनी ,शीनू शर्मा कार्यालय सहायक करण शुक्ला ने उदयवीर सिंह को उनके जन्मदिन पर यशस्वी जीवन खुशहाल जीवन की कामना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ लंबी आयु की कामना की।

जनसुनवाई



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस की तरह जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह द्वारा प्रात: 10 बजे से अंतिम व्यक्ति तक जनसुनवाई की गयी।

## हमारा युद्ध क्षय रोग के विरुद्ध : रेड क्रॉस

### 25 क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली देकर लिया गोद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** क्षय रोगियों को ढूंढने के लिए हमारा 100 सघन अभियान चल रहा है जिसके लिए घर-घर जाकर जनमानस को टी. बी.की जानकारी तथा उसके बचाव दी जा रही है जिसके लिए रेड क्रॉस गाजियाबाद की टीम पूरी तन्मयता के साथ लगी हुई है। रेड क्रॉस गाजियाबाद की प्रेरणा से रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर के सहयोग से रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य तथा रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर के भावी अध्यक्ष रो. वरुण शर्मा वेदउची शर्मा की वैवाहिक वर्षगांठ पर 17 फरवरी को एक बार फिर 256 रोगियों को गोद लिया गया 25 क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली देकर गोद लिया गया तथा उनका स्वास्थ्य मंत्र देते हुए रोग से बचाव के लिए भी प्रोत्साहित किया। रेडक्रॉस सभापति सुभाष गुप्ता ने बताया कि रेड क्रॉस गाजियाबाद ही इस तरह की सेवा कार्यों में पूर्ण मनोयोग से संलग्न है जिसके लिए सभी सदस्य अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ व वह अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि पर जनपद के किसी न किसी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर क्षय रोग मुक्ति आंदोलन को सफल बनाने के लिए, प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूरा करने के लिए क्षय रोगियों से मेलजोल बढ़ाकर,पुष्टाहार पोटली देकर सभी रोगियों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास करते हैं । आज का कार्यक्रम वसुंधरा स्थित नगरीय स्वास्थ्य केंद्र में हुआ जहाँ वरुण शर्मा अपनी पत्नी रुचि शर्मा के साथ पोटली वितरित करते हुए बहुत ही भावुक थे जहां उन्होंने कहा कि मुझे आज अपने विवाह के दिन इन रोगियों को सामान देकर बहुत खुशी हो रही है। सभी रोगियों ने वरुण व रूचि को इस नेक सेवा के लिए धन्यवाद दिया। वसुंधरा स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ गौरव आनंद व स्वास्थ्य केंद्र के सभी सहयोगियों ने भी वरुण शर्मा जी की इस प्रकार की समाज सेवा की भूरी भूरी प्रशंसा की। विपिन अग्रवाल की उपस्थिति स्मरणीय रहेगी। कार्यक्रम सूक्ष्म था फिर भी सभी के दिलों पर छाप छोड़ गया।



# इस्राइली हमले में लेबनानी हमास प्रमुख शाहीन की मौत, हिजबुल्ला की राडवान इकाई का ठिकाना ध्वस्त

**यरूशलम ।** इस्राइली सेना ने कहा है कि दक्षिणी लेबनान में सोमवार को उसके एक ड्रोन हमले में हमास प्रमुख की मौत हो गईहै। यह हमला युद्धविराम समझौते के तहत दक्षिणी लेबनान से इस्राइल की पूर्ण वापसी की समय सीमा की पूर्व संध्या पर हुआ। इबता दें कि समझौते के तहत इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच 14 महीने के युद्ध को समाप्त हो गया है। इस्राइली सेना ने सोमवार को कहा, शाहीन पर हाल ही में इस्राइल राज्य के नागरिकों के खिलाफ लेबनानी क्षेत्र से ईरान द्वारा निर्देशित और वित्त पोषित हमलों की योजना बनाने का आरोप है। ऑनलाइन प्रसारित फुटेज में एक कार को आग की लपटों में घिरा हुआ दिखाया गया है।



**इस्राइली सेना ने कहा मारे गए हमास प्रमुख का नाम मोहम्मद शाहीन है और वह लेबनान में लड़ाका संगठन के संचालन विभाग में अहम जिम्मेदारियां निभाता रहा है**

**हिजबुल्ला का भूमिगत ठिकाना ध्वस्त किया** : इस्राइली सेना की 'माउंटेन ब्रिगेड' ने माउंट डोव पर हिजबुल्ला के भूमिगत ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। इस्राइली रक्षा बलों ने सोमवार को बताया कि यह सुरंग हिजबुल्ला की राडवान इकाई की थी ।

और इसमें लड़ाई के उपकरण और रहने के कमरे थे। कई मीटर में फैली इस सुरंग को माउंटेन ब्रिगेड ने कुछ सप्ताह पहले क्ळ्ळ्की याहलोम लड़ाकू इंजीनियरिंग इकाई के साथ मिलकर खोजा था।

**युद्धविराम की शर्तों के तहत लिटानी नदी से हिजबुल्ला को हटना चाहिए** : दो महीने के युद्धविराम की शर्तों के तहत, हिजबुल्ला को लिटानी नदी के दक्षिण में दक्षिणी लेबनान के क्षेत्रों से अपनी सशस्त्र उपस्थिति हटानी चाहिए।

इस्राइली सेनाएं भी दक्षिणी लेबनान के ज्यादातर हिस्सों से वापस जा चुकी हैं। लेबनानी सेना की तैनाती से संतुष्ट नहीं, इस्राइल ने अमेरिकी स्वीकृति के साथ पांच स्थानों पर अपने सैनिकों को रखा है। 120 किलोमीटर लंबी इस्राइल-लेबनानी सीमा को 'ब्लू लाइन' कहा जाता है। जिसे 2000 में संयुक्त राष्ट्र के मानचित्रकारों ने लेबनान से इस्राइल की वापसी को सत्यापित करने के लिए बनाया था। यह सीमा भूमध्यसागरीय तट पर रोश हानिकरा से माउंट डोव तक जाती है।

# हम चमगादड़ की तरह उल्टे लटके हुए थे
## विमान में सवार लोगों ने बताई आपबीती

**टोरंटो ।** डेल्टा एयरलाइंस का एक विमान कनाडा के टोरंटो हवाई अड्डे पर हादसे का शिकार हो गया था। अब इस विमान हादसे की तस्वीरें और वीडियो सामने आई हैं, जिससे हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल विमान लैंडिंग के वक्त अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि इतना बड़ा हादसा होने के बावजूद सभी यात्री और क्रू सदस्य सुरक्षित हैं।



### हादसे के वीडियो आए सामने

हादसे की कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एक वीडियो में दिख रहा है कि एक महिला यात्री सीट लैंडिंग के बाद सीट पर उल्टी लटकी हुई है। दरअसल सीट बेल्ट बंधे होने की वजह से वह विमान के पलटने पर गिर नहीं पाई, लेकिन विमान के पलटने की वजह से उल्टा लटक गई। महिला ने हादसे में जिंदा बचने पर खुशी भी जताई और भगवान का शुक्रिया अदा किया। एक अन्य यात्री ने हादसे को याद करते हुए बताया कि हादसे के दौरान वे लोग चमगादड़ की तरह विमान में उल्टे लटके हुए थे।

उस यात्री ने भी हादसे में जिंदा बचने पर खुद को सौभाग्यशाली बताया और कहा कि वह हादसे में बचने के बाद इतना खुश था कि उसने अपने बराबर में बैठे अनजान व्यक्ति को गले लगा लिया।

### रनवे पर बर्फ के चलते फिसला विमान

डेल्टा एयरलाइंस ने विमान ने अमेरिका के मिनेपोलिस से सोमवार दोपहर बाद उड़ान भरी थी ।

# इस्राइल-हिजबुल्ला युद्धविराम के बाद लेबनान में लोगों का घर लौटना शुरू, इस मुद्दे पर अभी भी तनाव

**बेरूत ।** इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच हुए युद्धविराम समझौते के बाद मंगलवार को दक्षिणी लेबनान में लोगों ने अपने-अपने घर लौटना शुरू कर दिया। दक्षिणी लेबनान का इलाका हिजबुल्ला का गढ़ माना जाता है। नवंबर में इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच युद्धविराम समझौता हुआ था, लेकिन हाल तक भी दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सैनिक तैनात थे। अब इस्राइली सैनिकों की वापसी के बाद लेबनान के सैनिक उनकी जगह तैनात हो गए हैं।

लेबनान की सेना ने पहले इलाके की जांच की और फिर सड़कों पर इस्राइली सैनिकों द्वारा लगाए गए अवरोधों को हटाया। हालांकि खबर लिखे जाने तक लोगों को अपने-अपने घर जाने की इजाजत नहीं दी गई थी क्योंकि लेबनान की सेना इलाके में विस्फोटकों की जांच कर रही थी।



इस्राइली सेना ने भी ड्रोन के जरिए हालात पर निगरानी रखी। इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच भले ही युद्धविराम हो गया है, लेकिन अभी भी एक मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों में तनाव है। दरअसल इस्राइली सेना ने पांच रणनीतिक तौर पर अहम पोस्ट खाली नहीं किए हैं। इस्राइल का कहना है कि वे इन पोस्ट से निगरानी जारी रखेंगे ताकि हिजबुल्ला आगे इस्राइल पर हमले न कर सके।

**इस्राइल हिजबुल्ला की लड़ाई में चार हजार से ज्यादा लोग मारे गए** :वहीं हिजबुल्ला द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है और उनकी मांग है कि इस्राइली सेना पूरी तरह से लेबनान से हट जाए। इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने बताया कि इस्राइली सेना बफर जोन में पांच रणनीतिक ठिकानों पर कब्जा कायम रखेगी। साथ ही अपनी सीमा में भी सुरक्षा चौकसी को बेहतर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हमास के इस्राइल पर हमले के बाद हिजबुल्ला ने भी हमास के समर्थन में इस्राइल पर हमले शुरू कर दिए थे। इसके बाद बीते साल अक्तूबर में इस्राइल ने हिजबुल्ला के खिलाफ पूर्ण युद्ध की शुरूआत कर दी। इस्राइल के हमलों में हिजबुल्ला का पूरा शीर्ष नेतृत्व खत्म हो चुका है। इस्राइल और हिजबुल्ला की लड़ाई में 4 हजार से ज्यादा लोग मारे गए और 10 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए।

# मुश्किल में फंसे अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली

**नई दिल्ली ।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपो की जांच एक न्यायाधीश को सौंपी गई है। राष्ट्रपति पर आरोप है कि उन्होंने एक क्रिप्टोकरेंसी का प्रचार किया था। उनके प्रचार के बाद क्रिप्टोकरेंसी का मूल्य गिर गया और निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ा। हालांकि राष्ट्रपति माइली ने धोखाधड़ी से इनकार किया और कहा कि मैंने सद्भावना से काम किया।

राष्ट्रपति कार्यालय ने लिब्रा क्रिप्टोकरेंसी के साथ संलिप्तता से इनकार किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को इस परियोजना पर ध्यान आकर्षित किया था। यह एक ऐसी परियोजना थी, जिससे अर्जेंटीना को लाभ हो सकता था, लेकिन बाद में उन्हें इसके बारे में अधिक जानकारी मिली और फिर उन्होंने अपना समर्थन वापस ले लिया।



अर्जेंटीना के वकीलों ने रविवार को राष्ट्रपति के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद मामले को ब्यूनस आयर्स में संघीय न्यायालय संख्या एक की प्रमुख न्यायाधीश मारिया सर्विनी को सौंपा गया। वे आरोपों की जांच करेंगीं।

एक ट्वीट में राष्ट्रपति माइली ने कहा था कि क्रिप्टोरकेंसी का उद्देश्य छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप को वित्त पोषित करके आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना था। बाजार में इसकी कीमत में थोड़ी वृद्धि हुई और यह 4 बिलियन डॉलर से ऊपर पहुंच गया।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं फिलीपींस की उपराष्ट्रपति सारा डुटेर्टे, महाभियोग को रद्द करने की मांग की

**मनीला ।** महाभियोग का सामना कर रहीं फिलीपींस की उपराष्ट्रपति सारा डुटेर्टे सुप्रीम कोर्ट पहुंची हैं। उन्होंने कोर्ट से महाभियोग को रद्द करने और सीनेट में होने वाली सुनवाई को रोकने की मांग की है। पांच फरवरी को राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर की हत्या की साजिश रचने, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल रहने और विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस की सेना के खिलाफ चीन की आक्रामक कार्रवाई की निंदा करने में विफल रहने के आरोप में प्रतिनिधि सभा के सांसदों ने महाभियोग लगाया राजनीतिक उत्पीड़न है। सदन के सांसदों का पर्याप्त समर्थन मिलने के बाद महाभियोग की शिकायत को सीनेट को भेजने का आदेश दिया गया, जो जून में एक महाभियोग न्यायाधिकरण के रूप में कार्य करेगी और उपराष्ट्रपति के खिलाफ मुकदमा चलाएगी। इसके बाद पह सार्वजनिक पद पर नहीं रह सकेंगीं।

इससे पहले 23 नवंबर को उपराष्ट्रपति सारा डुटेर्टे ने कहा था कि मैंने किसी से कहा है कि अगर उनकी (दुतेर्ते) हत्या हो जाती है तो वह तब तक न रुके, जब तक राष्ट्रपति



था।

उपराष्ट्रपति सारा डुटेर्टे ने अपने वकीलों के जरिये 15 सदस्यीय सुप्रीम कोर्ट से महाभियोग को रद्द करने और मुकदमा रोकने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह दोषपूर्ण और सांविधानिक तौर पर कमजोर और गलत है। डुटेर्टे के वकील ने बताया कि उपराष्ट्रपति के खिलाफ शिकायत को इतनी जल्दी सीनेट को भेज दिया गया कि कई सांसद हस्ताक्षर करने से पहले उसे पढ़ ही नहीं सके।

उन्होंने कहा कि यह सब डुटेर्टे को 2028 का राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से रोकने के लिए जा रहा है। यह एक फर्दिनांद मार्कोस जूनियर, उनकी पत्नी लीजा अरनेटा और प्रतिनिधि सभा के स्पीकर मार्टिन रोमुअलडेज को न मार दिया जाए।' हालांकि बाद में उन्होंने सफाई दी थी कि उन्होंने राष्ट्रपति को कोई असल धमकी नहीं दी थी, बल्कि उन्होंने सिर्फ अपनी भावनाएं जाहिर की थी क्योंकि खुद उनकी जान के लिए खतरा है।

सारा डुटेर्टे और राष्ट्रपति फार्दिनांद मार्कोस जूनियर के बीच बीते कई महीनों से तनातनी चल रही है और पिछले साल जून में भी सारा डुटेर्टे ने राष्ट्रपति रोड्रिगो डुटेर्टे की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

# तुर्किये-सऊदी यात्रा पर जेलेंस्की, कहा-अमेरिका-रूस वार्ता का बुलावा नहीं

**दुबई ।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को स्पष्ट रूप से कहा है कि उनका देश युद्ध समाप्त करने के लिए इस सप्ताह अमेरिका-रूस वार्ता में भाग नहीं लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि यूक्रेन इस वार्ता में भाग नहीं लेगा इसलिए वह वार्ता के नतीजों को भी स्वीकार नहीं करेगा। यूएई में एक कांफ्रेंस कॉल के दौरान जेलेंस्की ने पत्रकारों से कहा, उनकी सरकार को सऊदी अरब में मंगलवार की नियोजित वार्ता के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था।

जेलेंस्की ने कहा, किसी भी यूक्रेनी अधिकारी की अनुपस्थिति को देखते हुए वे कोई नतीजे पर पहुंचने संबंधी बयान नहीं देंगे। जेलेंस्की ने कहा, वह सोमवार को तुर्किये और बुधवार को सऊदी अरब की यात्रा जरूर कर रहे हैं, लेकिन अरब राष्ट्र की उनकी यात्रा का मंगलवार को



वहां नियोजित अमेरिका-रूस वार्ता से कोई संबंध नहीं है। बता दें, यूक्रेन-रूस युद्ध को खत्म करने के लिए शांति वार्ता की लगातार उठ रही मांग के बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति के यूएई में पहुंचने की बात उठाई जा रही थी। वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंच चुके हैं, लेकिन उनके बयान ने रूस-अमेरिकी वार्ता के नतीजों को गफलत में डाल दिया है।

# अमेरिका में ट्रंप और मस्क का विरोध तेज, सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क का विरोध तेज हो गया है। सोमवार को कड़ाके की ठंड के बीच अमेरिका में जगह लोगों ने ट्रंप और उनकी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किए। लोगों ने नो किंग ऑन प्रेसिडेंट डे के नारे लगाए। इस दौरान ट्रंप के आव्रजन प्रवर्तन वाले विधेयक के विरोध में लोगों ने एरिजोना स्टेट हाउस में घुसने की कोशिश की। फ्लोरिडा और कैलिफोर्निया में भी प्रदर्शनकारियों ने विरोध किया।

अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला सीईओ एलन मस्क के खिलाफ लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। एरिजोना, फ्लोरिडा और कैलिफोर्निया के अलावा बोस्टन में भी लोग सड़क पर उतरे। यहां करीब एक हजार लोगों ने स्टेटहाउस से सिटी हॉल तक बर्फ में मार्च किया। उन्होंने एलन मस्क को जाना होगा के नारे लगाए। प्रदर्शनकारी क्रांतिकारियों जैसे कपड़े पहने थे और उनके हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर लिखा था कि यह एक तख्तापलट है और कायर ट्रंप के सामने झुकते हैं, देशभक्त खड़े होते हैं। 55 वर्षीय इंजीनियर एमिली मैनिंग ने कहा कि राष्ट्रपति दिवस पर यहां आना महत्वपूर्ण है, ताकि यह प्रदर्शित किया जा सके कि अमेरिका किस चीज के लिए खड़ा है। अमेरिकी मूल्य धनिक वर्ग या अमीर लोगों के लिए नहीं हैं।

इसके अलावा वॉशिंगटन डीसी, ऑरलैंडो और सिएटल सहित राज्य की राजधानियों, प्रमुख शहरों में ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन हुए। राष्ट्रीय राजधानी में हुई रैली में सैकड़ों लोग शामिल हुए। यहां एक पोस्टर पर लिखा था कि मस्क को हटाओ, ट्रंप को गद्दी से हटाओ।

### तापमान शून्य से नीचे, आक्रोश हावी

राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ कड़ाके की ठंड में लोग विरोध करने उतरे। कई शहरों में जहां तापमान शून्य से नीचे था लोगो ने प्रदर्शन किया। फीनिक्स में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने कैपिटल हाउस के सामने इकट्ठा होकर नो किंग्स और रेजिस्ट फासीज्म लिखे पोस्टर लेकर नारे लगाए। कुछ प्रदर्शनकारियों के अंदर घुसने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उनको रोक दिया। प्रदर्शनकारी राज्य सीनेट समिति की उस सुनवाई में शामिल होने की मांग कर रहे थे जिसमें संघीय आव्रजन नीति कानून पर चर्चा की गई थी।


विरोध प्रदर्शन की आयोजक दिसंबर आर्चर ने कहा कि उनका लक्ष्य कार्यक्रम को शांतिपूर्ण बनाए रखना था। वह स्टेटहाउस में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति और एक सुरक्षा गार्ड के बीच आ गईं। सुरक्षा गार्ड ने प्रदर्शनकारी को दरवाजे से पीछे धकेल दिया था।

# जेलेंस्की के साथ बात करने को पुतिन तैयार
## युद्धविराम की कोशिशों के बीच रूस का बड़ा बयान

**मॉस्को ।** रूस की सरकार ने एक बड़ा बयान जारी करते हुए कहा है कि अगर जरूरी है तो राष्ट्रपति पुतिन, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बात करने के लिए तैयार हैं। रूस की तरफ से यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम की कोशिश हो रही है और इसे लेकर रूस और अमेरिका के राजनयिकों की मुलाकात भी हो रही है।

### पुतिन-ट्रंप की मुलाकात की तारीख तय नहीं

साथ ही मामले में क्रेमलिन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रूस और अमेरिका के बीच वार्ता अब खत्म हो गई है। इसके साथ ही, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक के लिए अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है।



**रियाद में आज होगी रूसी और अमेरिकी अधिकारियों की अहम मुलाकात** : गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम की कोशिशें हो रही हैं। इसे लेकर मंगलवार को रूस के शीर्ष अधिकारी सऊदी अरब पहुंचे हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने बताया कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव सोमवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद के लिए रवाना हुए, जहां वे मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज से मुलाकात करेंगे। दोनों पक्ष रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक की तैयारियों पर भी बातचीत करेंगे।

### यूक्रेन ने जताई नाराजगी

रियाद में रूसी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने को लेकर बातचीत होनी है, लेकिन इस बातचीत में यूक्रेन को ही आमंत्रित नहीं किया गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को स्पष्ट रूप से कहा है कि उनका देश युद्ध समाप्त करने के लिए इस सप्ताह अमेरिका-रूस वार्ता में भाग नहीं लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि यूक्रेन इस वार्ता में भाग नहीं लेगा इसलिए वह वार्ता के नतीजों को भी स्वीकार नहीं करेगा। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ही रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की बात कही थी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताई पारस्परिक टैरिफ लगाने की वजह

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पारस्परिक टैरिफ लगाने और नई व्यापार नीति की पूरी जानकारी साझा की। ट्रंप ने कहा कि यह नीति पूरी तरह से निष्पक्ष और पारस्परिक है। उन्होंने कहा पारस्परिक टैरिफ में हम उन देशों पर वही टैरिफ लगाएंगे जो वे अमेरिकी वस्तुओं पर लगाते हैं। ट्रंप ने कहा कि यह दृष्टिकोण गैर-मौद्रिक बाधाओं, सब्सिडी और वैट प्रणालियों सहित अनुचित व्यापार प्रथाओं को कम करेगा। इसके बाद अन्य देश अमेरिका के खिलाफ टैरिफ को कम करेंगे या समाप्त करेंगे। एक्स पर राष्ट्रपति ट्रंप ने एक पोस्ट साझा की। उन्होंने कहा कि व्यापार के मामले में मैंने निष्पक्षता से निर्णय लिया है। मैं पारस्परिक टैरिफ लगाऊंगा। इसका अर्थ है कि जो भी देश संयुक्त राज्य अमेरिका पर टैरिफ लगाते हैं, हम भी उन पर टैरिफ लगाएंगे। न यह अधिक होगा और न कम होगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की नीति के तहत हम उन देशों पर विचार करेंगे जो वैट का उपयोग करते हैं।



# पुलिस वैन पर आतंकी हमला, जवाबी कार्रवाई में दहशतगर्द ढेर, अशांत उत्तर-पश्चिम में चार सैनिक मारे गए

**इस्लामाबद ।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक मोबाइल पुलिस वैन पर हथगोले से हमला किया गया। हमले में एक आतंकवादी मारा गया और एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। मंगलवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हमला कोहाट जिले के शादीपुर इलाके में हुआ।

हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया, जबकि जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया। रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि हमले के बाद कई आतंकवादियों को गिरफ्तार भी किया गया। गिरफ्तार आतंकवादियों के पास से हथगोले और अन्य हथियार बरामद किए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के पीछे आतंकवादियों के बारे में और खुफिया जानकारी हासिल करने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।



**अशांत उत्तर-पश्चिम में चार पाकिस्तानी सैनिक मारे गए** : इस बीच एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने रात में सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला किया, जो देश के अशांत उत्तर-पश्चिम में सहायता ट्रकों पर पहले हुए हमले का जवाब दे रहे थे। इस दौरान भारी गोलीबारी हुई, जिसमें चार सैनिक मारे गए। हमला सोमवार को सहायता ट्रकों के काफिले पर हमले का जवाब देने के लिए अतिरिक्त बल भेजे जाने के कुछ घंटों बाद हुआ। ट्रकों पर हमले में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में एक ड्राइवर और सुरक्षा अधिकारी मारे गए थे।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# अनिल अग्रवाल सांवरिया बने मंडल अध्यक्ष मेरठ

### गौरव गर्ग को मंडल महामंत्री मेरठ उद्योग व्यापार मंडल और सुभाष छाबड़ा को महानगर अध्यक्ष मानवीर नगर को महानगर महामंत्री मनोनीत किया









### शपथ ग्रहण समारोह में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे

**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौजूद रहे प्रदेश अध्यक्ष युवा मंच संजीव गुप्ता**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद रामलीला मैदान कवि नगर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मेरठ मंडल में गाजियाबाद महानगर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ जिसमें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुकुंद मिश्रा ने कहा कि व्यापारी ही देश की रीड की हड्डी है।

आज व्यापारियों को एकजुट होकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल भारत का सबसे पुराना व्यापार मंडल है जिसकी इकाइयां जम्मू से लेकर कन्याकुमारी तक है इस व्यापार मंडल की स्थापना स्वर्गीय श्री श्याम बिहारी मिश्रा जी पूर्व सांसद के द्वारा की गई थी जो कि आज है वटवृक्ष पूरे भारत में अपनी शाखाएं बने हुए हैं उन्होंने आगे कहा कि आज ऑनलाइन बाजार सभी के लिए एक अभिशाप बन गया है।

उन्होंने सबसे अपील की कि आप ऑनलाइन शॉपिंग छोड़कर बाजारों से अपनी खरीदारी करें जिससे दुकानदार भी मजबूत होगा आगे उन्होंने शपथ ग्रहण में नवनियुक्त मेरठ मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया एवं महामंत्री गौरव गर्ग और उनकी समस्त टीम को व्यापार मंडल की शपथ दिलाई इसी के साथ महानगर गाजियाबाद से सुभाष छाबड़ा व महामंत्री मनवीर नगर को पुनः चौथी बार नियुक्त किया गया साथ ही बजरिया व्यापार मंडल की इकाई अजय कालरा के नेतृत्व में व्यापार मंडल की सदस्यता जॉइन की।




इसी क्रम में मेरठ मंडल महिला इकाई का भी गठन किया गया जिसमें सीमा गोयल को चेयरमैन एवं दीप्ति अरोड़ा को अध्यक्ष मनोनीत किया कार्यक्रम में संजीव गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष युवा मंच सुभाष गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष राजू छाबड़ा प्रदेश महामंत्री सौरभ जयसवाल संरक्षक एवं मीडिया प्रभारीअनिल गर्ग राम अवतार जिंदल केपी गुप्ता राकेश मित्तल राज किशोर गुप्ता रजनीश बंसल संजय अग्रवाल अंकित शर्मा राजेश गुप्ताअनिल अरोड़ा विवेक गोयल, जितेंद्र अग्रवाल उदयवीर लाडी राहुल जाटव मुलायम सुरेश महाजन हरीश मल्होत्रा नीतू लाहोरिया तनुज गंभीर अशोक अरोड़ा मुकेश आनंद निशांत गुप्ता सुनील चाचासीमा गोयल दीप्ति अरोड़ा शशि श्रीवास्तव वंदना अग्रवाल गीता त्यागी मंजू खन्ना सीमा कुशवाहा एवं कार्यक्रम में सैकड़ो व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

# समाधान शक्ति सामाजिक संस्था ने किया स्वास्थ्य मेला आयोजित

### हजारों की संख्या में लोगों ने इसका लाभ लिया और निशुल्क दवाइयां प्राप्त कीं



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा निशुल्क विशाल द्वितीय स्वास्थ्य मेले का वार्ड 78 शालीमार गार्डन दयानंद पार्क में आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन सांसद अतुल गर्ग द्वारा किया जाएगा। स्वास्थ्य मेले में 100 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर और उनकी समस्त टीम द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। भाजपा नेतागण पार्षदगण की भी उपस्थिति रही। स्वास्थ्य मेले मे जरूरतमंद व गरीब लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं के साथ विभिन्न जांच निशुल्क उपलब्ध कराई गयी। इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ निजी अस्पतालों द्वारा योगदान दिया गया। समाधान शक्ति सामजिक संस्था सरंक्षक पप्पू पहलवान ने बताया की उनकी माता की पुण्यतिथि के अवसर पर उनको श्रदांजलि देने के उद्देश्य से निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बड़े स्तर पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन क्षेत्र मे किया गया। इसमे काफी अस्पतालों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस स्वास्थ्य मेले मे काफी संख्या में लोगों को मुफ्त जांच और परामर्श दिया। पप्पू पहलवान ने बताया मेले में हजारो की संख्या में लोगों ने इसका लाभ लिया और निशुल्क दवाइयां दी गई हैं। इस स्वास्थ्य मेले मे निशुल्क परामर्श जनरल फिजिशियन स्त्री रोग विशेषज्ञ आहार विशेषज्ञ हड्डी रोग विशेषज्ञ ईएनटी स्पेशलिस्ट सर्जन कैंसर रोग विशेषज्ञ हृदय रोग विशेषज्ञ छाती रोग विशेषज्ञ पेट रोग विशेषज्ञ फिजियोथैरेपिस्ट दंत रोग विशेषज्ञ आंखों की जांच चर्म रोग विशेषज्ञ मनोचिकित्सक विशेषज्ञ योग विशेषज्ञ एव निशुल्क पीएफटी बीएमडी ईसीजी आरबीएस बीपी बीएमआई हाइट वेट पल्स कोलेस्ट्रॉल एचबी टीएस ईएनटी एलेफ्टी आदि जांच भी करवाई गयी। अस्पतालों के डॉक्टर्स और टीम मैक्स हॉस्पिटलली क्रेस्ट सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल यशोदा।





हॉस्पिटल नेहरू नगर संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद गणेश सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल मेट्रो प्रॉपर्ली नोएडा एवी आरोग्य हॉस्पिटल वैशाली वी केयर हॉस्पिटल वर्धमान हॉस्पिटल शालीमार गार्डन श्रेया हॉस्पिटल वसुंधरा हॉस्पिटल सेंटर फॉर आईज स्वामी नंदलाल हॉस्पिटल नरेंद्र मोहन हॉस्पिटल अटलांटा हॉस्पिटल फॉलोरा हॉस्पिटल श्री जगन्नाथ कैंसर हॉस्पिटल क्लिनिक पारस हॉस्पिटल सीएमओ गाजियाबाद मेडिकल टीम डॉक्टर वंदना फिजियोथैरेपिस्ट डायबिटिक एजुकेटर बिग स्माइल फाउंडेशन द्वारा निशुल्क दवाइयां चिकित्सा परामर्श दिया गया। इस अवसर पर समाधान शक्ति समाजिक संस्था के महानगर अध्यक्ष लेखराज चावड़ी, एसपी तिवारी, प्रतीक माथुर, जितेंद्र कुमार, केशव सक्सेना, हरीश कुमार गौड, भूपेंद्र गोस्वामी, अंजू घनशाला, सुमन सती, निशा चौहान, अनीता राणा, मुनेश कसाना, ममता झा, डीएन कौल, श्याम शर्मा, पार्षद राहुल शर्मा, प्रमोद, योगराज, अनिल फौजदार, प्रदीप देवली, अनिल शर्मा, हरमीत बक्शी, ओमेन्द्र कसाना, शिव शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहिधियो यो नः प्रचोदयात्



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जा रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी

**श्री नानक चन्द गोयल (शीरे वाले)**

दिनांक 6 फरवरी 2025 को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर, प्रभु चरणों में लीन हो गए। प्रभु की ऐसी इच्छा थी। उनकी आत्मिक शांति हेतु हवन एवं रस्म पगड़ी दिनांक 19 फरवरी 2025, दिन बुधवार को होनी निश्चित हुई है।

।। कार्यक्रम ।।

हवन .................................................. प्रातः 9.00 बजे
ब्रहम भोज (प्रसाद वितरण)................................ प्रातः 11.00 बजे

**निवास : एस ए - 91, शास्त्री नगर, निकट सेन्ट मैरी स्कूल, गाजियाबाद**

श्रद्धांजली सभा एवं रस्म पगड़ी ............................ सायं 3 से 4 बजे तक

**कार्यक्रम स्थल : "हिन्दी भवन" लोहिया नगर, गाजियाबाद**

शोकाकुल परिवार :

| धर्मपत्नी | पुत्री - दामाद | नाति-नातिन | पौत्र-पौत्री |
|---|---|---|---|
| श्रीमती रेखा गोयल | रश्मि - तुषार गुप्ता | सुहाना | भव्या |
| पुत्र-पुत्रवधू | | नायशा | कर्तव्य |
| निखिल-प्रीति गोयल | | | रिधिमा |
| अंकुर-पायल गोयल | | | सुमुख |

प्रतिष्ठान :
पी. पी. रियलकॉन प्रा. लि.
आर. एन. कन्स्ट्रक्शन

निवास स्थान :
एस ए-91, शास्त्रीनगर, निकट सेन्ट मैरी स्कूल, गाजियाबाद (यू.पी.)
मो. : 9810120499, 9891045010

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना वर्ष 2024-25

### गाजियाबाद जनपद के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों की बैठक संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विकास भवन दुर्गावती देवी संभागार मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में गाजियाबाद जनपद के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत छात्रों द्वारा किये गये ऑनलाईन आवेदन पत्रों के सापेक्ष शिक्षण संस्थानों के स्तर से बेरीफाई/अग्रसारित किये गये आवेदन पत्रों में भिन्नता पाये जाने की समीक्षा करते हुए शतप्रतिशत आवेदन अग्रसारित करने हेतु निर्देशित किया गया एवं सस्पेक्ट डाटा के अन्तर्गत प्राप्त डाटा में छात्रों के सम्मुख अंकित आपत्ति का निराकरण आख्या अंकित करते हुए सम्बन्धित साक्ष्यों के साथ सम्बन्धित कल्याण विभागों को समयान्तर्गत उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी, अल्पसंख्यक अधिकारी, तथा सभी स्कूलों के अधिकारीगण कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गाजियाबाद के कार्यकर्ता यूथआईकॉन नीरज भैया से करते है बहुत ज्यादा प्यार? जैसे ही ये पता चला कि मिली है यूथ आईकॉन को उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग फैडरेशन के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी? इसे देखते ही सभी ने बधाईयों की कर दी बौछार? कहने वाले ने कहा हम तो बस आपको बता रहे हैं इतनी सी बात? जिस बात पर आया है बधाईयों का तूफान वो जिम्मेदारी अभी नहीं बहुत पहले उन्हें मिल चुकी है साहब? अब तो कार्यकर्ता अपनी बधाईयों को रखें सहेज? तब करें इन बधाईयों की बौछार जब पार्टी बनाये भैया को किसी लोकसभा का फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप ये मत सोचो कि अध्यक्ष वाली दौड़ में एक जी का हो रहा है बेड़ा पार? सुना है जनरली साहब ने लगा दी है दूसरे जी पर अपनी जबरदस्त वाली वीटो? यहां पर अब स्टोरी में कुछ भी हो सकता है यार? हो सकता है कि उस जी की जगह इन जी की बात बन जाये? कुछ बदल जाये किरदार? कहने वाले ने कहा जब टकराते हैं दो ब्राह्मस्त्र आपस में? तब कुछ और ही नतीजा निकलता है यार? अगर जी से जी यूं ही टकराते रहे तो कहीं पूरे मान से ना हो जाये तीसरे जी का बेड़ा पार? कभी-कभी बहुत ज्यादा ताकत भी पहना देती है गले में वो वाली हार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पार्षदों वाले ग्रुप से कुछ बातें आईं है बाहर? मैंने सोचा इन बातों को ग्रुप तक ना रखूं? कर दूं आपके सवालों से इन्हें बाहर? ग्रुप पर मैम्बर मैडम चौधरी और नदिया पार के मिस्टर चौधरी ने पेश की है अपनी राय? कहा है पार्षदों के लिए इन्श्योरेंस और भत्ते का भी इंतजाम किया जाये? दोनों ने किया है बाकी सभी पार्षदों को इस बारे में मोटीवेट? कहा है सबको मिल कर इस मुद्दें को उठाना है? जब खुलेंगे बोर्ड बैठक को लेकर नगर निगम के गेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सौंफ वाले पूर्व भगवा कमिश्नर को शायद नहीं होगा इस बात का एहसास? वो हो जायें पूर्व, इस बात की लगायी थी एक त्यागी जी ने मंदिर में अरदास? भगवान के सामने चढ़ाया था उन्होंने पूर्व करने वाली तमन्ना को लेकर 11 रुपए का प्रसाद? सुना है उनकी पूजा ने दिखा दिया असर अभूतपूर्व? आप देख ही रहे हैं सौंफ वाले भगवा कमिश्नर अब हो चुके हैं पूर्व?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही हो गया हो इन्दिरापुरम नगर निगम को टेकओवर? मगर यहां पर कुछ मामले पहले की तरह हो रहे हैं अपडेट? अवैध उगाही के चर्चे पहले भी आम थे? अब भी हो रहे हैं वो पहले की तरह जनरेट? सुना है हैंडओवर होने के बाद कुछ नया है अपडेट? अब 2 हजार रुपए और बढ़ाकर अवैध तरीके से वसूले जा रहे हैं ठेली वालों से रेट? कहने वाले ने कहा हम चाहते हैं ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि इस बारे में करायें गोपनीय जांच? 16 दूनी 8 और मामला हो जायेगा 5 एकम 5?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिरा जी वाले एरिया के चार पार्षद इस वक्त हैं अपने क्षेत्र की सीवर वाली समस्या को लेकर बहुत परेशान? सुना है चारो एक साथ बैठे थे निकालने को इस समस्या का समाधान? किया था सबने मिल कर लैटर तैयार? इस लैटर पर हस्ताक्षर हुए थे चार? लैटर को लेकर इन्होंने डाला कई अधिकारियों के यहां पर डेरा? मगर समस्या अभी भी पहले की तरह कायम है, नहीं हुआ है सवेरा? कहने वाले ने कहा जब चारों मिल कर भी नहीं निकाल पा रहे हैं समस्या का हल? तो फिर समझ जाओ अगले चुनाव में जनता इन्हें देगी इन्हें कौन सा वाला फल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के शर्मा और सक्सैना के दिल में अपने मीत जी के लिए जगह है बहुत ही खास? मीत जी भी यही चाहते हैं कि ये दोनों रहे उन्हीं के साथ? मगर यहां पर मैडम गुप्ता और मिस्टर अग्रवाल भी दोनों को बनाना चाहते हैं अपना? वो चाहते हैं ये भी नाम जपें अपना? मगर सुना है तीनों की इस घोर डिमांड से ये हो गये हैं बहुत ज्यादा परेशान? ये मीत जी के रहे या इनके, इन्हें कुछ भी समझ नहीं आ रहा है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारे लाईन पार का सेन इसलिए है गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर के लिए बेचैन? सुना है दोनों के संबंधों की बहुत पहले ही टूट गई है चेन? इसलिए मिस्टर सेन कभी कभी कर देते हैं अपने दर्द को शेयर? सुना है एक वक्त दिखाई देते थे दोनों एक दूसरे के बहुत साथ-साथ? मगर कान की कच्ची बातों ने दोनों की मुलाकातों को कर दिया रेयर? कहने वाले ने कहा हमें पता नहीं चल रहा दोनों में से है कौन फेयर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब तो पड़ गई होगी क्रान्तिकारी त्यागी जी के सीने में शांति? खसरा खतौनी की जांच को लेकर उन्होंने छेड़ी हुई थी क्रान्ति? अब तो बदल गये होंगे उनके ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि को लेकर अपने दिमाग में स्थापित विचार? अब तो उन्होंने मान लिया होगा लेडी जनप्रतिनिधि का मयार? उनकी शिकायत पर जिस तरह की है मौके पर जाकर मैडम ने जांच? अब तो दूर हो गया होगा मिस्टर त्यागी के दिल का दर्द? अब तो ठंडी पड़ गई होगी उनके कलेजे की आंच?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तो वैसे ही दिला रहे हैं पार्षद हिमांशु भैया को याद? सुना है अभी भी कायम है उनके एरिया में सीवर की समस्या? उस बात का क्या हुआ जिस पर उगली थी उन्होंने आग? कहा था सीवर में बैठ कर लेंगे वो इंतकाम? जब तक निगम वाले नहीं करेंगे उनकी समस्या का इंतजाम? कहने वाले ने कहा हमें समझ नहीं आ रही है उनकी अब शांति? कुछ अलग करने से आती है क्रान्ति?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने प्रयागराज में संगम तट पर महाकुंभ स्नान किया। उन्होंने अपनी आस्था श्रद्धा भक्ति को अपने शब्दों के जरिए फेसबुक पर साझा किया। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।